वर्ग हैं, पिछड़े वर्ग हैं, पद–दलित वर्ग हैं, मजदूर वर्ग हैं, बलनरेबल सैक्शन आफ सोसायटी है जिनकी फिक्स–पे है, इनको सरकार की तरफ से प्रोटैक्शन मिलनी चाहिए। गवर्नमैंट सर्वैंटस हैं, फैक्ट्रीज मैं काम रने वाले लोग हैं, एग्रीकल्चर लेबरर्ज, लैंड–लैस लेबरर्ज हैं, इस प्रकार के और भी कई वर्ग हैं जिनको न्याय मिलना चाहिए जोकि आज मिल भी रहा है। सामाजिक समता का अर्थ यह है कि समाज के अन्दर एक दूसरे के प्रति भेदभाव नहीं होना चाहिए, सबको एक समान समझना चाहिए। राज्यपाल महोदय ने सरकार का जो सिद्धांत अपने अभिभाशण में बताया है, सरकार इस पर पूरी तरह चल रही है। इसके आगे चलकर राज्यपाल महोदय ने नौ–सूत्री प्रोग्राम दिया है जिसको सरकार ने प्राथमिकता दी। नौ–सूत्री प्रोग्राम में राज्यपाल महोदय ने कहा कि सरकार ग्रामीण विद्युतीकरण, सिंचाई सुविधाओं के संवर्धन, देहाती इलाकों को पीने के पानी की व्यवस्था, संचार व्यवस्था, चिकित्सा उपचार, शिक्षा, गृह निर्माण तथा रोजगार और अनुसूचित जातियों तथा पिछड़ी श्रेणियों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। अध्यक्ष महोदय, मैं इजराईल भी गया, इंग्लैड भी गया और जर्मनी भी गया। आप ताज्जुब करेंगे कि जब मैंने हरियाणा को देखा तो मुझे इजराईल की याद आ गई। एक तरफ इजराईल था और दूसरी तरफ हरियाणा का इलाका जो उसके मुकाबले में कुछ भी नहीं। एक तरफ खदर का इलाका, बागड़ का इलाका और पहाड़ी इलाका जिसमें कुछ भी नहीं होता। आप हरियाणा में हिसार वाली साईड पर चले जाएं, रेगिस्तान है और सब–सोयल–वाटर है

जिसको जानवर भी नहीं पी सकते। ऐसे इलाके में आज हरियाणा सरकार ने पीने का पानी उपलब्ध करा दिया है। हरियाणा में आगमैंटेशन कैनाल के जरिए से पानी पहुंचाया। इसके अतिरिक्त बीरेन्द्र नारायण चक्रवती कैनाल, इन्दिरा गांधी और जवाहरलाल नेहरू कैनाल तैयार होने वाली हैं। यह नहरें उन लोगों के लिए हैं जिन को पीने का पानी नहीं मिलता था, जिनकी औरतें सिर पर मिट्टी का घड़ा उठाकर कई–कई मील से पानी लाती थीं। कही पानी नहीं मिलता था। जो लोग यह सोचते हैं कि मेरे इलाके से मीठा पानी किसी दूसरे इलाके में नहीं जाना चाहिए, यह बुरी बात है। अगर मैं यह सोचू कि मेरे इलाके से पानी निकाल कर वहां क्यों फेंक दिया, मुझे मिलना चाहिए, यह बात गलत है। ऐसी स्वार्थ भावना नहीं होनी चाहिए। अगर मैं ऐसा करता हूं तो मैं खुदगर्ज इन्सान हू, मैं विशमता को लिए हुए हूं और समता को नहीं लेता। सम की भावना नहीं रखता जो कि इन्सान में बड़ी आवश्यक है। हरियाणा में इस तरह के लोग होने चाहिए जिनमें समता की भावना हो। लोग कहते हैं कि हमारे इलाके से पानी निकाल लिया इसलिए कम हो गया। मैं कहता हूं कि पानी कम नहीं हुआ। मेरे इलाके में वाटर लोगिंग खत्म हो गयी, जमीन कल्टीवेशन के लायक हो गई और वह पानी उस जगह मिला जहां पानी दरकार है। ऐसे कामों की तारीफ होनी चाहिए कि एक तरफ की दिक्कत को दूर करने के साथ–साथ किसी दूसरे इलाके की न्यूनता को भी पूर्ण कर दिया, विशमता को दूर कर दिया। यह है हरियाणा की मिसाल,ख जिसका वर्णन राज्यपाल महोदय ने अपने

अभिभाशण में किया है। इसी प्रकार संचार की व्यवस्था की गई है। 70 से 80 प्रतिशत सड़कें बन गई हैं। ग्रीन रैवोल्यूशन आपने देख लिया है। हाउसिंग बोर्ड ने मिडियम इन्कम ग्रुप और लो इन्कम ग्रुप के लिए अम्बाला, फरीदाबाद, हिसार, भिवानी आदि हरियाणा में सब जगह मकान बनाये हैं। ये वे लोग हैं जो किराये के मकानों में मुश्किल से गुजारा करते थे, लेकिन अब इन्स्टालैमैंट में पैसा देकर खुद मकान–मालिक बन गये हैं। वे कभी स्वप्न भी नहीं ले सकते थे कि उनका भी कभी मकान हो सकता है लेकिन आज वे मकान–मालिक हैं।

इसी तरह सरकार ने शिक्षा के लक्ष्य को पूरा किया। यह सरकार बनने से पहले हमारे इलाके में क्या हालत थी, यह आप सब जानते हैं। आज कितने ही हायर–सैकन्डरी स्कूल खुल गए हैं। शिक्षा–पद्धति में सुधार होना बाकी है और वह इस तरह होना चाहिए कि बच्चों की पढ़ाई के दौरान अपने पावों पर खड़े होने की शक्ति हो। वह शिक्षा की पद्धति हमारी रही नहीं। वह रहनी चाहिए। बेसिक ऐजुकेशन की पालिसी तो महात्मा गांधी जी ने भी हमारे सामने रखी थी। उस पालिसी के मुताबिक तो शिक्षा का मतलब एक ऐसी बुनियाद बनाने से था जिससे बच्चा आगे चलकर अपने पांव पर खड़ा होने की हिम्मत रख सके। उस पद्धति का मंशा यह था कि पढ़ाई के दौरान उसे ऐसा काम बताया जाए जिससे वह आगे चलकर, शिक्षा प्राप्त करने के बाद, किसी के ऊपर आश्रित न हो। वह चाहे अपना रोजगार खुद बना ले या

नौकरी कर ले। आर्थिक विकास का एक बहुत बड़ा अंग हमारी शिक्षा है। अगर किसी देश में शिक्षा का अंग पूरा न हो तो आर्थिक विकास हो नहीं सकता। हमें हरेक बच्चे को, चाहे वह लड़का है या लड़की है, शिक्षा देनी चाहिए। यह भी जरूरी है कि शिक्षा मुफ्त दी जाए लेकिन इसके लिए जराय चाहिएं हमारे यहां प्राईमरी तक मुफ्त शिक्षा दी जाती है क्योंकि हमारे जराय अभी यहीं तक अनुमति देते हैं। आज हमारे सामने एक बड़ा अहम सवाल है कि पैसा कहां से आए? इकनौमिक डिवैलपमैंट का एक फार्मूला मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। जो अर्थ–शास्त्र कार्ल माक्स ने बनाया था ''दास कैपिटल'' के नाम से, उसकी एकौनौमिक थयोरी में पापुलेशन का ध्यान नहीं रखा गया था क्योंकि उस वक्त पापुलेशन इतनी ज्यादा होती नहीं थी। इस बात को न तो पहले ही और न आज ही इस थयोरी में विश्वास रखने वाले समझ पाए हैं। बहरहाल आज की माडर्न इकौमनी ने उस थ्योरी को अलाहिदा कर दिया है। आज पापुलेशन बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही हैं आज साढ़े अठावन करोड़ की हमारी पापुलेशन है। अध्यक्ष महोदय, इस सम्बन्ध में एक अजीब सी बात में बताना चाहता हूं। आज हिन्दुस्तान की आबादी में जिस रेट से बढ़ौत्तरी हो रही है, उसके अनुसार एक साल में हम एक–एक न्यूजीलैंड और एक–एक आस्ट्रेलिया बना देते हैं। क्या हालत हमारी हो रही है, यह देखने की बात है? इस स्पीड से तो आने वाले 25 साल में हमारी आबादी एक सौ करोड़ हो जाएगी, अगर इस पर प्रतिबन्ध न लगाया गया। एक तरफ तो सवाल आता है रोटी का, कपड़े का,

शिक्षा का, निकित्सा का और रोजगार का, लेकिन दूसरी तरफ दशा यह है। ये पांच चीजें हमारी अर्थ व्यवस्था के अंग हैं जिनको मजबूत बनाना हमारा सर्वप्रथम कर्त्तव्य है। समाजवाद में विश्वास रखने और एक कल्याणकारी राज्य होने के नाते से तो हमारे यहां इस बात की ओर भी ज्यादा अहमियत है। लेकिन यह सब कुछ कैसे हो सकता है जबकि एक तरफ तो हमारी पापुलेशन बढ़ती जाए और दूसरी तरफ जराय पूरे न हों और जो थोड़े बहुत कदम सइ सिचुएशन को मीट करने के लिए उठाए जाएं उनको बढ़ती हुई पापुलेशन हड़प कर जाए। इन हालात में कितने तन–बदन को हम कपड़ा दे सकते हैं, कितने लोगों को मकान पूरे होंगे, कितनों को शिक्षा दे पाएंगे, कितनो को चिकित्सा की सुविधाएं मुहैया कर सकेंगे और कितनों को रोजगार दे पायेंगे? यह एक बहुत बड़ा सवाल हमारे सामने है। इस बात पर हम सबको सोचना है कि किस तरह से हमने इस सम्बन्ध में अपना योगदान देना है। अर्थशास्त्र के शब्दों में यह जो पापुलेशन ऐसप्लोजन हो रहा है इसको कैसे रोका जाए, किस तरह से अपनी अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जाए, इस बात पर सोचना हम सबका कर्त्तव्य है। राज्यपाल महोदय ने कहा तो है कि पिछले वर्श के अन्त में, जबकि वे इस वर्श की बात लेकर आए, हम टेक आफ की स्टेज में थे। लेकिन टेक आफ करने से क्या होता है जब तक कि पूरे बूम के साथ आसमान पर उड़ा न जाए। कहने का मतलब यह कि किसी राज्य की या सिकी कंटरी की इकौनोमिक डिवैल्पमैंट, डिवैल्पिंग से डिवैल्पड बनने के लिए जब

ऐसी टेक आफ की शक्त में हो तो उस वक्त पूरी ताकत, सामूहिक तौर पर हम आदमी में, प्रत्येक व्यक्ति में यदि पैदा हो जाए तो आर्थिक विकास में आगे उड़ा जा सकता है। तो इस तरफ हम सबको अपना–अपना योगदान देना है तथी हम आगे बढ़ सकते हैं।

स्पीकर साहब, आपको मालूम ही है कि सरकार तो अपनी ओर से भरसक प्रयत्न कर रही है लेकिन कुदरत के अपने कायदे कानून होते हैं। इस वर्श वर्शा बहुत कम हुई और इसलिए बिजली भी कम पैदा हुई। परिणाम यह हुआ कि हमारे उद्योगों की जो प्रोडक्शन बढ़ती चाहिए थी वह नहीं बढ़ पाई। गवर्नमैंट ने उद्योग इंस्टाल करने में और लोन आदि देने में लोगों की मदद काफी की है और इससे ज्यादा भी करने के लिए तैयार है और हमारे उद्योगों की कैपसिटी भी उत्पादन बढ़ाने की है बशर्ते कि उन्हें पूरी बिजली मिले तो इस ओर भी हमें ध्यान देना है। फिर स्पीकर साहब, इसमें एक बात और ध्यान देने योग्य है। अकेली प्रोडक्शन ही हमें जिन्दा नहीं रखती, जब तक कि इक्विटेबल डिस्ट्रिब्यूशन न हो। प्रोडकशन तो हमने बढ़ाई है, इसमें कोई शक नहीं की बात नहीं। जिस देश में सुर्द पैदा नहीं होती थी, वहां आज हवाई जहाज बनाए गए हैं, पानी के जहाज बनाए गए हैं, रेलें बनाई गई हैं, और यहां तक की ऐटम बम भी बन गया है। किस चीज की कमी रह गई है? लेकिन हमारी यह कमी है कि हम देश की महानता को नहीं समझ पाते, देश की दिक्कतों को, देश

की मुसीबतों को और देश की परेशानियों को नहीं समझते। इन सब बातों को समझे बिना अपने देश की एक बड़ी गलत तस्वीर विदेशों के सामने रखते हैं। इतनी प्रोग्रेस अगर किसी और देश में हुई होती तो वे अपनी सरकार को सर पर उठाकर चलते लेकिन हमार यहां असलियत को परे करके सियासत की बात पर चला जाता है हमारे यहां क्रिटिसिजम सियासत पर बनी है जबकि यह इकौनोमी पर बेस्ड होना चाहिए। फिर स्पीकर साहब, तेजी से जो काम करेगा उससे गलतियां हो होंगी ही, उसमें कमियां तो रहेगी ही, क्योंकि कहा जाता है किः—

गिरते हैं शाह सवाल मैदाने जंग में,

वे तिफल क्या गिरेंगे जो घुटनों के बल चलें

जिन्होंने काम करना नहीं सीखा, बोलना सीखा है, नुक्ताचीनी करनी सीखी है उनको क्या पता कि काम में क्या तकलीफें आती है, काम में क्या दिक्कतें आती हैं और काम में क्या परेशानियां हो सकती हैं? (इस समय उपाध्यक्षा पदासीन हुई।)

उपाध्यक्ष महोदय, कुछ भाईयों की तरफ से कहा हता है कि बिजली के क्रैश प्रोग्राम ने हरियाणा की तबाही कर दी। कितनी गलत बात है? मैं अभी आल इंडिया इन्टक कांफ्रैस में बम्बई गया था। वहां लोग हरियाणा की बड़ी तारीफ करते थे। वह कहते थे कि बिजली के बगैर उनके यहां बड़ी दिक्कत है। वे इस दिशा में कर भी कुछ नहीं पा रहे हैं क्योंकि बिजली का सामान

ही नहीं मिलता। उनकी हालत आज यह है कि जब पैसा है तो सामान नहीं और जब सामान है तो मंहगे भाव में है। इसके बगैर उनके यहां इतना काम पडा है जिसका कोई हिसाब नहीं। अगर हमारे यहां भी वह क्रैश प्रोग्राम वाली हालत पैदा नहीं होती जिसके द्वारा सारे गांवों में बिजली पहुंचा दी गई, तो हमारी हालत भी दूसरी स्टेटस की तरह होती। क्या वह गलत बात थी? क्या वह क्रैश प्रोग्राम बुरा था? अगर हम भी दूसरी स्टेटस की तरह इस काम को स्टैप बाई स्टैप करते तो आज दूसरी स्टेटस हमारी तारीफ नहीं करती और हमारे सामने नहीं झुकतीं। हमारी स्टेट आज हिन्दुस्तान में सब स्टेटों से आगे है चाहे वह पर–कैपिटा इन्कम हो या रेट आफ ग्रोथ की हो, जो चाहे बिजली का मामला है चाहे सड़कों का मामला है। काम करने में गलतियां होती हैं, दिक्कतें आती है ओर हो सकता है बिजली के मामले में भी कुछ इररैगुलैरेटीज हो गई हों, जिनको नहीं देख पाए हों, क्योंकि कई बार ओवर साईट से भी कुछेक बातें हो जाया करती हैं लेकिन इसके मायने यह नहींकि सारे के सारे गन्दे हो गए। गन्दा तो, अगर सच पूछा जाए, आज हमारा सारा समाज है जिसमें हम सब शामिल हैं। आज हमारी नैतिकता, हमारे मौरल का कंसैप्ट जो है वह गंदा है। इसलिए गन्दा है कि हमारे समाज की ऐप्रोच सही नहीं है। हमारा समाज आज तक अपनी उच्चता को समझ नहीं सका है। एक वक्त था जब सारी दुनिया हमारे देश के सामने नत–मस्तक होती थी। महाराजा अशोक के टाईम में, महात्मा बुद्ध के टाईम में चीन और जापान तक हमारे बौद्ध भिक्षु अपनी शिक्षा

का प्रसार करने गए और उन सबने उसे अपनाया। कितना ऊंचा था हमारा आदर्श और चरित्र। उस वक्त इतनी तरक्की क्यों थी? इसलिए थी कि उस वक्त समाज में केवल उस व्यक्ति को ठेकेदारी मिलती थी जिसकी भावना और चरित्र ऊंचा होता था। आज पैसे वाला समाज का ठेकेदार बना बैठा है चाहे वह चरित्रहीन हो, स्मगलर हो या बेईमान हो। ऐसा क्यों है? यह इसलिए है क्योंकि पैसे का कंसैप्ट हमने विदेशों से लिया है। जिस वक्त हमारी कोहिशन विदेशों के साथ हुई उस वक्त पेसे का कंसैप्ट तो हमने ले लिया लेकिन उनका चरित्र नहीं लिया या यों कहें कि पैसे का कंसैप्ट लेकर के अपना चरित्र उनको दे दिया। आज हमें अपनी नैतिकता को ऊंचा उठाना पड़ेगा क्योंकि हमारा मौरल बिल्कुल गिरा हुआ है। आज हमें अपने समाज को ठीक करने के लिए अपनी ऐप्रोच को बदलना होगा ओर यह तय करना होगा कि हमारी ऐप्रोच में पैसे का नहीं बल्कि चरित्र का स्थान ऊंचा है। मैं मानता हूं कि पैसा इन्सान की जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुत बड़ी चीज है लेकिन हमें यह भी तो समझना चाहिए कि क्या आदमी पैसा खाएगा? क्या वह पैसा लेकर आया था और पैसा लेकर ही जाएगा? कदाचित नहीं। साथ तो उसके अपने कारनामे जाएंगे। साथ जाएगी उसकी अच्छाई, बहादुरी और भलाई। पैसा इनके सामने कुछ नहीं है। इसलिए पैस की महानता को कम करना पड़ेगा, तभी हमारा समाज आगे बढ़ सकता है।

उपाध्यक्ष महोदया, इसके बाद हमारे राज्यपाल महोदय ने प्राथमिकता दी सिंचाई को। फिर उन्होंने कम्यूनिकेशन सिस्टम के बारे में भी काफी कुछ कहा। चिकित्सा का जहां तक सम्बन्ध है, इसके बारे में यदि पहले की फिगर्ज को अब की फिगर्ज से कम्पयेर किया जाए तो पता लगेगा कि पर पर्सन आज चिकित्सा के क्षेत्र में जितना कुछ हुआ है वह पहले से कहीं ज्यादा हुआ है। हास्पिटल्ज बन गये हैं, हैल्थ सैन्टर्ज भी बने हैं। अम्बाला जिले में नारायणगढ़ के एक गांव में इतना अच्छा बड़ा हास्पिटल बना है जोकि बिल्कुल पी.जी.आई. के अनुरूप है। आपको पता ही है कि रोहतक में भी कितना बड़ा हास्पिटल है, नार्दन इंडिया में उसके मुकाबले का कोई नहीं है, उसमें कितने ही हजारों बिस्तरों का प्रबन्ध किया गया है। अम्बाला में, यमुनानगर में आज कितने अच्छें अस्पताल बने हुए हैं।

शिक्षा के विशय में तो मैंने, डिप्टी स्पीकर साहिबा, पहले ही बता दिया है। अब मैं रोजगार के विशय में एक बात जरूर रखना चाहता हूं। हमारे यहां अन–एम्पलाएमैंट और अन्डर एम्पलाएमैंट है। कुछ लोग तो बड़े आराम से गुजारा कर रहे हैं और कुछ लोगों को रोजगार ही नहीं मिलता है। यह जो कड़ी है इसको हल करने का कोई बुनियादी तरीका हमें निकालना चाहिए। वह यही तरीका हो सकता है कि पापुलेशन पर कंट्रोल किया जाये। बेरोजगारी दूर करने के लिए लेबर इनटैंसिव स्कीम की ओर ज्यादा ध्यान दिया जाये। कैपिटल इनटैनसिव स्कीम की ओर इतना

ज्यादा ध्यान न दिया जाये। लेबर इनटैंसिव स्कीम के तहत हम ज्यादा लोगों को रोजगार दे सकते हैं। कैपिटल इनटैंसिव स्कीम में जो भी चीज निकले वह आम जनता के फायदा के लिए होनी चाहिए। ऐसी चीजें बनायी जायें ताकि बेरोजगारी दूर हो। दूसरा मेरा अपना सुझाव यह भी है कि बेरोजगारी को दूर करने के लिए यह तरीका भी अपनाना चाहिए कि किसी फैमिली में तो पांच–पांच आदमी रोजगार पर लगे हुए हैं और किसी फैमिली में एक आदमी भी काम पर नहीं लगा हुआ है। जिस फैमिली का एक आदमी भी रोजगार पर नहीं लगा हुआ है उसको पहले रोजगार मिलना चाहिए। जिस फैमिली के पांच आदमी काम करते हैं, उनके पास तो साधन होते हैं, उनकी अपनी पोजीशन होती है, वे अपने परिवार के लोगों को रोजगार दिलवा सकते हैं, परन्तु जिस फैमिली से कोई भी आदमी रोजगार पर नहीं है, वह कहां से साधन तलाश करेगा? मैं यह सुझाव दूंगा कि उस फैमिली के आदमी को तब तक रोजगार न दिया जाये जब तक कि ऐसी फैमिली को रोजगार न मिल जाये जिनका कोई भी आदमी रोजगार में नहीं है। पारिवारिक तौर पर जब तक हम रोजगार मुहैया नहीं करेंगे तब तक हमारा समाज उन्नति नहीं कर सकता। जिस प्रकार से वितरण के मामले में, प्रोडक्शन के साथ वितरण भी होता है, उसी प्रकार रोजगार के मामले में भी डिस्ट्रिब्यूशन होनी चाहिए। जब तक यह बात नहीं होगी तब तक समाज से विशमता दूर नहीं हो सकती। इसलिए इस चीज का लाना बहुत ही जरूरी है।

अनुसूचित जातियां और पिछड़ी हुई जन–जातियों के कल्याण के बारे में मेरे से पूर्व–वक्ता मेरे दोस्त श्री गुलाब सिंह जी जैन ने काफी विस्तार के साथ रखा है। हरियाणा स्टेट ही ऐसी स्टेट हे जिससे अनुसूचित जाति के लिए बहुत कुछ कार्य किया है चाहे वह हरिजन कल्याण निगम ने किया, चाहे शिक्षा में स्कोलरशिप देकर किया है चाहे और तरीके से किया है। हरियाणा प्रदेश सब प्रदेशों से हरिजनों औप पिछड़ी जातियों की भलाई में मामले में आगे है। अब हरियाणा ने लैन्डलैस को जमीन देने का प्रोग्राम बनाया है ताकि वे उस जमीन पर अपना मकान बना सकें। यह लक्ष्य हरियाणा ने रखा है। सारे देश में हरियाणा प्रदेश ऐसा है जो अपने प्रदेश के लोगों के लिए मकान की जमीन सबसे पहले देना चाहता है।

अब एक चीज जो हमें अखरती है वह देश के विकास के बारे में है। जून सन् 1962 में लड़ाई हुई, सन् 1965 में हुई, फिर सन् 1971 में हुई, जिसके कारण से विकास में रूकावट आयी। इन बातों को मैं दोहराना नहीं चाहता। डिप्टी स्पीकर साहिबा हरियाणा के अन्दर तीन–चार साल तक कहत पड़ा है। यह कुदरत की मार है। वर्शा का न होना और कहीं पर वर्शा का इस कदर होना जिसका कोई हिसाब नहीं। डिप्टी स्पीकर साहिबा जैसे टिक्का साहब के इलाके में बारिश न हो तो वहां कुद पैदा नहीं होता, अगर सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चट्ठा के इलाके में बारिश ज्यादा हो जाये तो वहां की जमीन खराब हो जाती है। हरियाणा

की ऐसी शक्ल है कि यहां पर हमेशा कुदरत की मार रही है। हरियाणा सरकार की ओर से बाढ़ को रोकने के लिए प्रोग्राम बन रहे हैं। इस बाढ़ के पानी को रोक कर नहरों के जरिए सिंचाई करने का प्रोग्राम हमारी सरकार की ओर से बनाया जा रहा है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यूरेस्लम एक शहर है जो कि इजराइल का कैपिटल है। उसे होली–सिटी कहा जाता है वहां पर मोहम्मद का जन्म हुआ, क्राइस्टि भी रहे, उन्होंने वहीं पर शरीर छोड़ा और तीसरे सन्त मूसा हुए। वहां तीनों धर्मो के अनुयायी रहते हैं। यूरेस्लम में बरसाल का पानी इक्ट्ठा करके साल भर तक पीते है। यह इन्तजाम वहां पर किया हुआ है बरसात के बाद जो लीन–डेज होते हैं, लीन मन्थ होते हैं, उनमें पानी साल भर के लिए इकट्ठा करते हैं। लेक आफ टाईबेरिया से जोर्डर रिवर निकलता है। जोर्डन रिवर को अब तो इजराइल वालों के काबू कर लिया है। अब जोर्डन रिवर से पानी उनको नहीं मिलता है। उन्होंने रेगिस्तान में पानी दिया। कितना बड़ा काम किया है? चारों तरफ समुन्द्र से घिरा हुआ है, कहीं मीठा पानी नहीं है। उनकी हिम्मत देखिए, उनके तरीके को देखिए।

मुझे पी.ए.सी. के मैम्बर की हैसियत से बिहार जाने का अवसर मिला है। वहां नार्दन बिहार में सिंचाई काफी है, नदियों का स्कोप काफी है लेकिन सदरन बिहार में पत्थर वर्गरह हैं, बरसात कम होती है। पानी की किल्लत है। वहां टयूबवैल्ज लगाना भी मुश्किल है। वहां पर बारिश का पानी रिजर्वायर में इकट्ठा

करके सदरन बिहार का कल्याण हो सकता है। यह चीजें सारी खोज पर डिपैन्ड करती हैं। खोज दी इजाद की मां होती है। सारी चीजें ही इसी बुनियाद पर आती हैं। इंसान को जब तकलीफ होगी तभी किसी चीज की इजाद करेगा। तकलीफ ही नहीं होगी तो फिर वह इजाद कैसे करेगा? बिजली के लिए गवर्नर महोदय ने अपने अभिभाशण में टाईम बाउन्ड प्रोग्राम रखा है, लक्ष्य रखा है। अगर यह इरादा करके हम चलेंगे तो इस पीरियड के अन्दर हम बिजली के मामले में खड़े हो जायेंगे, प्राइमरी सैक्टर में, एग्रीकल्चार के मामले में, कोआपरेटिव सैक्टर में, इन्डस्ट्री में, सर्विस में। सड़कों में आगे हम चल रहे हैं। ये सारी चीजें पूरी हो जाने पर यह आज का हरियाणा नहीं होगा, इसकी नयी शक्ल होगी। राज्यपाल महोदय ने अभिभाशण में असलियत बतायी है, सच्चाई बतायी है। यह कोई छिपी हुई बात नहीं है।

हरियाणा में बारिश न होने के कारण से ड्राउट पीरियड आया। क्वैश्चन आवर में जिक्र आया था कि पांच करोड़ की स्कीम बनायी गई है। एक करोड़ रूपये की स्कीम चरी के लिए और तकावी के लिए बनायी गयी है। जवाहर लाल नेहरू कैनाल को बनाने के लिए 35 करोड़ रूपया लगेगा। इसमें से कुछ पोरशन बनाकर उन लोगों को रोजगार दे पायेंगे जो खाने के लिए मोहताज हैं। ये स्कीम इसलिए बनायी गई है।

एक बात उपाध्यक्ष महोदया मैं सदन में यह भी रखना चाहता हूं कि उद्योग के मामले में फरीदाबाद कम्लैक्स बहुत आगे

है। वहां का बहुत सामान एक्सपोर्ट होता है। फौरन एक्सचेंज पैदा करता है। आज हरियाणा इस देश मैं नई–नई चीजें इजाद कर रहा है। आज हरियाणा दावा कर सकता है कि जिस कदर एक्सपोर्ट प्रोमोशन करके फौरेन एक्सचेज ले सकता है तो उसी आधार पर हमें सैन्टर की ओर से सब सहूलियतें दी जाये तो और भी अधिक उन्नति कर सकता है।

हरियाणा के अन्दर तीन शूगर मिलें हैं। वहां पर वर्करज की तन्खाह बढ़ाई गई है। पहली जून से हर वर्कर को तीन सौ रूपया माहवार तन्खाह मिलेगी। पहले उनको छः सात दिन की दर से ग्रैच्यूटी मिलती थी अब 15 दिन की करवायी गयी। उनका डी.ए. बढ़ाया गया। हर वर्कर की तन्खाह में जून से 100 रूपये का इजाफा हुआ है। रोहकत, पानीपत और जमनानगर तीनों मिलों में ऐसा हुआ है एक यह भी फैसला करवाया गया कि चार साल तक हम लड़ाई नहीं करेंगे, हड़ताल नहीं करेंगे। हमें चीनी का उत्पादन अधिक से अधिक मात्रा में करना। आज चीनी की दरकार ईरान को है, मलेशिया को है। वहां पर चीनी का भाव 31 रूपये किलो है।

बिट्रेन में भी चीनी की किल्लत है। वहां पर भी हम चीनी भेज कर फौरेन ऐक्सचेंज कमायेंगे। इसी तरह से सीमेंट है। फरीदाबाद में फ्रिज की फैक्टरी है। ट्रैक्टर्ज बनाने की फैक्टरी है। मेरा कहने का मतलब यह है कि हमारे यहां एच.एम.टी. या जितने भी उद्योग के अदायरे हैं, इनसे फारेन–ऐक्सचेंज लाया जा सकता

है और हम ला रहे हैं। हमने हरियाणा में इंडस्ट्रियल पीस कायम रख कर और चीजें ग्रेटर इनक्वांटिटी पैदा करके, फारेन कन्ट्रीज में अपना माल भेज कर फारेन ऐक्सचेंज पैदा किया है, यह हमारे लिये एक शाबाशी की बात है। इससे हरियाणा के लोगों को भी फायदा हुआ है।

अब मैं कृशि के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। कृशि के बारे में आंकड़े तो मेरे साथी गुलाब सिंह जी ने बता दिये कि 1968–69 की बनिस्बत 1973–74 में हमारे उत्पादन में 71 परसैंट की वृद्धि हुई है। आप ही देखिये, काफी वृद्धि हुई है लेकिन यह वृद्धि और ज्यादा हो सकती थी। हम 150 परसैट तक वृद्धि रक सकते थे, लेकिन बिजली की कमी है जिस वजह से इतनी नहीं हुई। हमारे यहां का काश्तकार कमजोर नहीं है। वह बहुत बहादुर है। वह बहुत समझदार काश्तकार है। हमें उन काश्तकारों को सलाम करना चाहिए जिन्होंने बिजली की किल्लत होने के बावजूद भी हरियाणा की बहबूदी के लिये काम किया है। (व्यवधान) गन्ना, कपास और तिलहन हमारी नकद फसलें हैं, जिन्हें हम कैशक्रोप्स भी कहते हैं। हरियाणा में जो इस वक्त बारिशें हुई हैं, उससे फसल अच्छी हो सकेंगी। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई है कि हमारा बजट भी ऐसे दौरान में आया है जिसमें हम दोनों बारिशों की बुनियाद पर यह महसूस कर सकते हैं कि हमारे फ्यूचर क्रौप्स प्रौसपैक्टस और आर्थिक व्यवस्था क्या होगी। बजट तो दरअसल फरवरी–मार्च में आता है। मैं कभी–कभी सोचता हूं कि बजट का

विन्टर रेन्ज के बाद भी आना जरूरी है और इसलिए जरूरी है कि हमारी क्रौप्स की प्रोडक्शन जिसकी बुनियाद पर हम अपनी पोजीशन आर्थिक तोर पर देख सकें, वह विन्टर रेन्ज पर ही मुबनी है। यह इसलिये भी जरूरी है कि हमारा कृशि प्रधान देश है और विन्टर रेन्ज के बेसिज पर ही हम अपने बजट को निर्धारित कर पाते हैं।

दूसरे मामलों में भी हरियाणा सरकार ने अच्छा काम किया है। हरियाणा कृशि विश्व–विद्यालय में कितना अच्छा काम हो रहा है, कृशि के मामले में, बीज के मामले में और दूसरी चीजों के मामले में, यह सराहनीय है। परिवार नियोजन की बात मैंने कही है। यह बहुत जरूरी चीज है। इस तरह से राज्यपाल महोदय के अभिभाशण में जो कहा गया है, इंडस्ट्रियल डिवैल्पमैंट, सोशल वैल्फेयर, टूरिज्म, रोडज ट्रांसपोर्ट, डेयरी ओर कोओप्रेशन जैसे सारे अदायरों में हरियाणा ने कही कुछ आगे, कहीं बराबर के तौर पर, जो अपने लक्ष्य निर्धारित किये हुये हैं, वे पूरे किये हैं। मैं मामनता हूं कि इनमें कहीं कुछ कमियां भी होंगी। यह ठीक है क्योंकि जो काम करता है, उसमें कमियां भी रह जाती हैं। अगर आज हम यह कहें कि हम दूध के धोये हैं तो यह बिल्कुल गलत बात होगी।

मैं आज यह भी दावे से कह सकता हूं कि हमारे यहां ला एंड आर्डर भी बहुत बढ़िया है। हमारे साथी गुलाटी साहब एस्टीमेट कमेटी के साथ जब मंसूरी के लिये गये तो हमारे यहां

यमुना नगर में आये थे। उनकी वहां पर 410 रूपये की जेब कट गयी। लौटकर इन्होंने मुझे बताया कि मेरी आपके यहां जेब कट गयी। मैंने जाते ही पुलिस इन्स्पैक्टर को बुलाया। हमारे यमुनानगर का बहुत समझदार इन्स्पैक्टर है। उसने 6 दिन के अन्दर ही पिक–पाकेट भी पकड़ लिया और गुलाटी साहब के पैसे भी वसूल कर लिये और वह इनको मल भी गये। गुलाटी साहब मेरे सामने बैठे हैं। वे खुद बेहतर बतायेंगे कि हमारे हरियाणा में ला–एण्ड आर्डर कैसा है? मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि वह इन्सपैक्अर हरिजन कौम से ताल्लुक रखता है। उसका नाम सरदार नसीब सिंह है। मैं उस हरिजन अफसर की तारीफ करूंगा। मेरे कहने का मतलब यह नहीं है कि सारे ही एम.एल.ए. मेरे यहां आकर जेबे कटवा बैठें। मैं तो आपको यह एक मिसाल दे रहा हूं। मेरे यहां पोकटमार कोई ज्यादा नहीं हैं। कोई एक–आध निकल आया। मैंने अपनी गवर्नमैंट के जरिये उसका रास्ता साफ कर दिया। मेरे कहने का मतलब यह है कि हमारे यहां ला एण्ड आर्डर सही है। आपके देखा होगा कि जब कुछ लोग बस को उड़ाकर ले गये थे तो किस तरह से पुलिस ने वायरलैस के तरीके से उनको पकड़ा और ठिकाने लगाया। मैं यह दावा नहीं करता कि हमारे यहां डाका नहीं पड़ता या चोरी नहीं होती। हमारा समाज ऐसा नहीं है इतना नैतिक उत्थान आ गया हो कि वहां ये सब समाप्त हो जायें। मेरे कहने का मतलब यह है कि हरियाणा में ये चीजें दूसरी स्टेटों के मुकाबले में कम हैं राज्यपाल महोदय के अभिभाशण की बुनियाद पर इतना कहने का मैं हकदार बन सकता हूं।

टूरिजम के बारे में कई बार कहा जाता है कि क्यों इस ओर ज्यादा पैसा खर्च हो रहा है? उपाध्यक्ष महोदया, मैं एक बात कहना चाहता हूं। मैं विदेश में गया हूं। फ्रांस की इकौनोमी को देखा जाये तो यह पता चलता है कि उसकी जो इकौनोमी बढ़ी है वह पेरिस के टूरिजम से बढ़ी है। अमरिका के डायरैक्ट पेरिस को रात को जहाज आता है। इस वजह से अमरिका का सारा पैसा फ्रांस में घूम रहा है। अगर बाहर से मनी आकर किसी देश में लगेगा तो वह देश फ्लोरिश करेगा, उस देश की अर्थ–व्यवस्था मजबूत होगी। इसी तरह से अगर टूरिजम की बदौलत हरयिाणा में भी बाहर से पैसा आता है तो उससे एक तो हरियाणा का इमेज बनता है और दूसरे आर्थिक तोर पर हमें फायदा होता है। इससे सब हरियाणा के निवासियों को भी फायदा होता है। आप सबको पता है कि चंडीगढ़ से हर इतवार को सैकड़ों फैमिलीज पिंजौर में पिकनिक मनाने जाती है और अपनी परेशानी कुछ समय के लिये भूल जाती हैं। इसी तरह से हमारे यहां बड़खल–लेक के नजदीक के बच्चे बड़खल लेक पर और चक्रवर्ती लेक के नजदीक वाले चक्रवर्ती लेक पर पिकनिक करने चले जायें तो क्या उनका नैतिक और मानसिक उत्थान नहीं होगा? हमने सिर्फ हरेक बात की अपोजीशन ही करनी है, इसलिये नुक्ताचीनी करें और दूसरी चीजों को नजरअन्दाज कर दें, अगर अपोजीशन ऐसी बात सोचे तो मुझे बड़ी शर्म आती है। (व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदया, मैं एक और चीज आपके सामने रखना चाहता हूं। मैंने कार्ल मार्क्स की बात मार्डन इकौनौमिक थ्योरी के सिलसिले में कही थी। मैं यह कहना चाहता

हूं कि अर्थ के विकास की रूप–रेखा तीन चीजों के बेसिज पर बतायी जाती है। उनमें से एक है: बचत। जितनी ज्यादा हमारे देश के अन्दर बचत की योजनायें होंगी, उतना ही ज्यादा हम देश के लिए इन्वैस्टमैंट का अधिकार पैदा करेंगे। इसलिए बचत बहुत जरूरी चीज है। इसके लिए हमारे यहां अल्प बचत योजना है, प्रोविडैन्ट फंड योजना है और भी दूसरी कई योजनायें हैं। अगर हम घर–घर में बचत का सिलसिला शुरू कर दें और उस बचत से जो पैसा इकट्ठा हो, वह सरकार के सामने रख दें और यह कहें कि इसे आप जनहित के लिए प्रयोग करो, तो हम अपने पांव पर खड़े हो सकते हैं।

दूसरी चीज है एम्पलायमैंट। रोजगार भी दो तरह के हैं: एक प्रोडक्टिव और दूसरे अन–प्रोडक्टिव। प्रोडक्टिव एम्पलायमैंट जितनी ज्यादा होती जायेगी, उतना ज्यादा सुधार हमारी अर्थ–व्यवस्था में होता जायेगा। अन–प्रोडक्टिव एम्पलायमैंट वह है जिससे कोई भी इकौनोमिक सुधार नहीं होता बल्कि परेशानी पैदा होती है। आज हमें यह देखकर हंसी आती है कि फैक्ट्रियों में काम करने वाले लोग, जो जराय पैदा करते है, इतनी आवाज नहीं उठाते जितनी आवाज बड़े–बड़े पैसे वाले लोग उठाते हैं। आज एयर–इंडिया के लोग कहेंगे कि स्ट्राईक कर दें, आज एल.आई.सी. के लोग कहेंगे कि स्ट्राईक कर लें लेकिन क्या कभी उन्होनें सोचा है कि आज हिन्दुस्तान के 40 प्रतिशत इन्सान जो स्टारवेशनलैवल पर हैं ओर जिन्हें पूरी चीजें भी नहीं मिलतीं,

उनको भी जरूरियातें जिन्दगी मिलनी चाहियें? उनको सोचने के बाद आप भी सोचिये। इसके साथ ही आप यह भी हिसाब लगायें कि अगर हमने कोई कारगुजारी ऐसी करनी है तो अपने हको–हकूक मांगने से पहले, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी सोचनी पड़ेगी और निभानी पड़ेगी। हमें अपनी जिम्मेदरी समझकर, उनके लिए अपने हकों की कुर्बानी करनी होगी। जब तक हम ऐसा नहीं करेंगे, हम उन 40 प्रतिशन पद दलित लोगों को जो स्टारवेशन लैवल पर हैं, ऊपर नहीं उठा सकते। मैं एक किताब यहां पर रैफर करना चाहता हूं। गवर्नमैंट आफ इंडिया की तरफ से 1956–57 में जो एग्रीकल्चरल लेबरर की पोजीशन के बारे में इन्कवायरी हुई, उसमें उन्होंने सारी–स्टेट्स के एग्रीकल्चरल लेबरर के डेलीवेजिज बताये हैं। उस वक्त हरियाणा और पंजाब इकट्ठे ही थे। उस समय आन्ध्रे प्रदेश में आदमियों की 0.87 रूपये, औररतों की 0.55 रूपये और बच्चों की 0.48 रूपये वेजिज थी। आसाम में 1.54 रूपये आदमियों की, 1.15 रूपये औरतों की और 1 रूपये बच्चों की डेली वेजिज थी। बिहार में 0.91 रूपये आदमियों की, 0.74 रूपये औरतों की और 0.70 रूपये बच्चों की वेजिज थी। गुजरात में 0.87 रूपये आदमियों की, 0.55 रूपये औरतों की और 0.50 रूपये बच्चों की डेली–वेजिज थीं। हरियाणा–पंजाब हिमाचल प्रदेश में 1.73 से 2.47 रूपये आदमियों की, 1.40 से 1.94 रूपये औरतों की डेली वेजिज थीं। यहां बच्चों के डेली–वेजिज का कोई सवाल नहीं। केरल में 1.28 मर्द, 70 पैसे औरत, 63 पैसे बच्चा। मध्य प्रदेश में मर्द 76 पैसे, औरत 59 पैसे,

बच्चा 57 पैसे। महाराश्ट्र में मर्द 87 पैसे, औरत 55 पैसे, बच्चा 50 पैसे। मैसूर में मर्द 84 पैसे, औरत 55 पैसे, बच्चा 47 पैसे। उड़ीसा में मर्द 80 पैसे, औरत 55 पैसे, बच्चा 51 पैसे। तमिलनाडू में मर्द 84 पैसे, औरत 48 पैसे, बच्चा 39 पैसे। उत्तर प्रदेश में मर्द 92 पैसे, औरत 65 पैसे, बच्चा 55 पैसे। वैस्ट बंगाल में मर्द 1.43 पैसे, औरत 98 पैसे, बच्चा 89 पैसे। त्रिपुरा में मर्द 1.54 पैसे, औरत 1. 15 पैसे, बच्चा 1 रूपया। इस रिपोर्ट को देखा जाए तो जब यह रिपोर्ट 1956–57 में बनी उस वक्त भी यहां की एग्रीकल्चर लेबर सब स्टेटों से आगे थी यह क्यों थीं क्योंकि यहां के लोग मेहनती हैं और आज मैं समझता हूं कि यहां के एग्रीकल्चर के लेबर के वेजिज पांच–सात रूपये से कम नहीं होंगे। मैं एग्रीकल्चर लेबर की बात इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारा देश कृशि प्रधान देश है और उसमें हमारा प्रदेश एक कृशि प्रधान प्रदेश है। जब तक एग्रीकल्चर लेबर की हालत को हम ठीक करने की कोशिश नहीं करेंगे, तब तक कोई बात बनने वाली नहीं है। आज हमारे राज्यपाल महोदय ने जो नौ सूत्री कार्यक्रम हमारे सामने रखा है, उसमें एग्रीकल्चर पर जयादा जोर दिया हैं उन्होंने हर सैक्टर का जो प्रोग्राम बनाया है, जो अपनी सरकार ने नीति निर्धारित की है हमें किस तरह से प्राथमिकता देकर आगे चलना होगा, बताया है। एक चीज और मैं अर्ज करना चाहता हूं। इंडियन कोंसिल आफ सोशल साईस रिसर्च जिसके डायरैक्टर प्रोफैसर जी.एस. भल्ला हैं, दो स्टेटों की स्टडी की गई। हरियाणा उसमें से एक है। उन्होंने हरियाणा के बारे में लिखा हैः–

"The State has not only high income but also high rate of capital formation ....." यह हरियाणा स्टेट की बात बता रहा हूं। "..... which constitutes 14% of its income as against the all India figure of 9.3%" इस प्रकार हरियाणा की कैपिटल फार्मेशन आफ दि इनकम 14 परसैन्ट है, जबकि सारे देश की 9.3 परसैन्ट है। उपाध्यक्ष महोदया, जब हमारी कैपिटल फार्मेशन बढ़ी है, तो हमारी पर–कैपिटा इनकम भी बढ़ी है, कैपिटल फार्मेशन का रेट बढ़ा है, तो आज उसके मुकाबले में परेशानियां भी हैं, जिसकी वजह से विकास में गतिरोध पैदा हो गया है और इसको हमें नजरअन्दाज नहीं करना चाहिए, बल्कि डटकर मुकाबला करना चाहिए हमारे साथियों को, बजाय नुक्ताचीनी के कोई कन्स्ट्रक्टिव सजैशन देनी चाहिए ताकि हरियाणा और आगे बढ़ सके। राज्यपाल महोदय ने हमारे सामने जो अभिभाशण रखा है, उसमें जो लक्ष्य रखा है, जो टाईम बाउन्ड प्रोग्राम रखा है, उसको समझकर और जानकर अगर हम मिल–जुलकर चलें, तो हमारा हरियाणा और भी आगे बढ़ सकता है और जो मुश्किलात हमारे सामने आई हैं, उनको आसानी से हल कर सकते हैं। दूसरी चीज जो आर्थिक विकास के बारे में मैंने रखी थी बचत की और ऐम्प्लायमैंट की, उसके बारे में मेरा कहना यह है कि प्रोडक्टिव एम्पलायमैंट ज्यादा होनी चाहिए, लेबर इटैसिव इंडस्ट्री लगानी चाहिए। कैपिटल ऐसी चीजों के लिए लगानी चाहिए कि जो चीजें हमारी आम जरूरत की हैं, गांधी जी का भी यही स्वप्न था कि ऐसी इंडस्ट्री लगानी चाहिए जो आम लोगों की जरूरियात को पूरा करें। इसके बाद

दूसरी चीज आती है कैपिटल आउट–पुट रेशो। इंडस्ट्री में हम कैपिटल लगाते हैं, उसके बाद रिटर्न आएगी, जिस प्रकार कि हम बैंक में पैसा रखते हैं और उससे रिटर्न आती है अगर रिटर्न कम है तो वह इंडस्ट्री ठीक से चल नहीं सकेगी। प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए हमें हर प्रकार की सहूलियतें देनी पड़ेंगी, तब जाकर हम उनसे कहें कि अब आप प्रोडक्शन बढ़ाइए। प्रोडक्शन में अगर हम कम्प्यूटर्ज आदि लगाकर लेबर सेविंग स्कीम्ज को बढ़ावा देंगे, तो इससे अन–एम्पलायमैंट बढ़ेगी। हमें तो अनएम्प्लाइमैंट को दूर करना है। हमें तो ऐसी स्कीम्ज चलानी चाहिए, जो लेबर इंटेंसिव हों, जिससे अन–एम्पलायमैंट दूर हो सके और प्रोडक्शन अधिक से अधिक हो सके और आम जनता की तकलीफ दूर हो सके। प्रोडक्शन के साथ–साथ हमैं डिस्ट्रीब्यूशन पर नजर भी रखनी है। अगर डिस्ट्रिब्यूशन ठीक नहीं होगा, तो जनता के अन्दर यही भावना होगी, जैसे कहते हैं कि ''Rich has become richer and poor has become poorer" डिस्ट्रिब्यूशन बहुत जरूरी है। हम सारे देश में प्रोडक्शन से ज्यादा रूझान डिस्ट्रिब्यूशन की तरफ डालें। जब तक हर चीज का इक्विटेबल डिस्ट्रिब्यूशन नहीं होगा, तक तक हमारे जो फिक्सड इनकम ग्रुप के भाई हैं, जो मजदूर हैं, उनको पूरी प्रोटक्शन नहीं दे पाएंगे, चाहे कपड़े के लिए, चाहे खाने के लिए, हमें इक्विटेबल डिस्ट्रिब्यूशन को अपनाना पड़ेगा। इसलिए कैपिटल की आउट–पुर रेशो बहुत जरूरी है। पोलिटीकल आजादी हमें मिली है। अब इकौनोमिकल फ्रीडम और दिमागी फ्रीडम की आवश्यकता है। दिमाग में जब तक परेशानी रहेगी, रोटी की

चिन्ता, कपड़े की चिन्ता, मकान की चिन्ता, चिकित्सा की चिंता और रोजगार की चिंता से दिमाग परेशान रहेगा, यह परेशानी दूर नहीं होगी, तब तक सही मायनों में आजादी नहीं समझी जाएगी और इन सब चीजों को दूर करने के लिए आज तकलीफें होने के बावजूद भी आज हरियाणा ने जो कदम उठाए हैं, वे साबित करते हैं कि इन पर जरूर काबू पा लिया जाएगा। अगर आज हिन्दुस्तान की किसी स्टेट का मुकाबला किया जाए, इतने थोड़े अर्से के अन्दर हरियाणा जिस तरह से आगे बढ़ा है तकलीफों का सामाना करके, कमियों को दूर करके इसमें हमने मिलजुल कर काम किया है, हमारे गवर्नमैंट सर्वैंटस ने बड़ी हिम्मत से काम किया है, उनका योगदान काबिले तारीफ है, और अभी बहुत कुछ करना बाकी है। अभी तकलीकों और मुसीबतों का सामना करना है। अगर हम यह सोचकर चलेंगे कि हमारी तकलीफों का कारण क्या है, मुसीबतों का कारण क्या है और इन कारणों को हम दूर करें, तो उसका रास्ता भी हमें मिल जाएगा और हमारी मुसीबत भी दूर हो जाएगी। इन शब्दौं के साथ उपाध्यक्ष महोदया, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे नोटिस दिया और मेरे भाई श्री गुलाब सिंह जैन ने राज्यपाल महोदय के धन्यवाद का जो प्रस्ताव रखा है, उसका मैं अनुमोदन करता हूं।

Deputy Speaker: Motion moved –

That an Address be presented to the Governor in the following terms:-

"That the Members of the Haryana Vidhan Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the Governor for the Address which he has been pleased to deliver to the House on the 1st January, 1975."

Deputy Speaker: I have received notice of an amendment by Ch. Devi Singh, M.L.A. This will be deemed to have been read and moved. The hon. Member may take part in the debate.

I have also received notice of amendments from Ch. Ram Lal and Ch. Shiv Ram Verma. These will also be deemed to have been read and moved.

Ch. Dal Singh: That in the motion, the following be added at the end, namely:-

"but regret that no mention has been made regarding –

(1) irregular and in-sufficient supply of Electricity and Canal water to the farmers.

(2) repression and prosecution of teachers by police and non-acceptance of the demands of teachers and H.S.E.B. employees.

(3) solution in respect of rising prices.

(4) Solution to arrest unemployment and to provide renunerative prices to farmers.

Ch. Ram Lal Wadhwa, Ch. Shiv Ram Verma: That in the motion of thanks the following be added at the end, namtely:-

"but regret that no mention has been made regarding:-

(1) rural Industrialisation to provide more employment and work in Rural Areas.

(2) change in system of Education in such a way which could give more jobs to unemployed persons;

(3) providing efficient, adequate and economic Road transport to the public

(4) solution to provide Raw Material and electricity to Industrial units according to their needs;

(5) solution to provide electricity and fair price of production to the Farmers;

(6) solution to meet the scarcity fo essential commodities and their fair distribution to the people."

चौ. दल सिंह (जींद): डिप्टी स्पीकर महोदया, राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाशण पहली जनवरी, 1975 को इस सदन के सामने पढ़ा और उसके ऊपर एक सम्मानीय सदस्य ने धन्यवाद का प्रस्ताव रखा है और एक घंटे तक वह अपनी बात कहते रहे, और

सरकार की तारीफ करते रहे। उसी प्रस्ताव का अनुमोदन भी सरकारी पक्ष के एक एम.एल.ए. साहब ने किया और उन्होंने भी एक घंटे तक सरकार की तारीफ की। यह बात उचित प्रतीत नहीं होती कि सरकारी पक्ष के भाई अपनी ही तारीफ करें और सच्चाई को छिपाते रहें। मैं इससे पहले कि अपने विचार रखूं, मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि अगर हम पिछले चार सालों के अभिभाशण देखें तो सभी मैं वही बात दिखाई देती है और दूसरी तरफ सरकार का भी जवाब अगर हम देखें, तो सरकार भी वही जवाब देती है। इस बात को जब मैं देखता हूं तो मुझे इंग्लैड के एक विद्यार्थी की बात सामने आती हैं कैम्ब्रेज यूनिवर्सिटी से पढ़ने के बाद जब वह अच्छी तरह से सैटल हो गया तो उसको ख्याल आया कि मैं अपने दोस्तों से जाकर मिलूं, अपने अध्यापकों से जाकर मिलू और देखू कि यूनिवर्सिटी में कोई तबदीली आई है and he went there. When he reached near the campus, he saw the trees and said 'the same old trees'. He went further and saw the building of the University and again remarked 'the same old building'. He went further and saw the hall and after seeing it he gain said 'the same old hall'. He entered the hall and saw a young boy and a gild sitting on a desk and said 'the same old game'. The boy felt astonished and said. No, no, Mr. she is my sister' and then he said 'the same old answer'.

तो यह सरकार का वही पुराना अभिभाशण है, वही सरकार का पुराना जवाब हैं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं केवल उनके अभिभाशण की ही बात कहूंगा, मेरी अपनी कोई बात नहीं

है। मैं जो कुछ कहूंगा सरकार की ही बात कहूंगा। अगर सरकार ठीक काम करती है तो हम अपोजीशन वाले उनकी मुखालफत नहीं करते। खासतौर से मैं सबसे पहले व्यक्ति हूंगा, जो सरकार की मुखालफत नहीं करूंगा बशर्ते कि सरकार कोई अच्छे ठोस काम करें। लेकिन अगर हरियाणा की सरकार कोई गलत काम करेगी और हम बड़ाई करवाना चाहेगी तो हम लाजमी तौर से यह कहेंगे कि आपकी बात गल्त है और उनको लाजमी तौर पर उनको मानना पड़ेगा।

डिप्टी स्पीकर महोदया, 10 जनवरी, 1972, 5 मार्च, 1973, 4 जनवरी, 1974 और 1 जनवरी, 1975 ये चार अभिभाशण हैं, जब हम इन्हें देखते हैं तो सभी में एक ही बात दिखाई देती है और एक काम नजर आता है। 10 जनवरी के अभिभाशण के सफा 9 पर और 5 मार्च, 1973 के अभिभाशण के सफा 11 पर 4 जनवरी के अभिभाशण के सफा 1 पर और अब 1 जनवरी 1975 के अभिभाशण के सफा 1 पर एक ही बात कही गई है। बार–बार सरकार यह कहती है कि हमने सारे हरियाणा प्रान्त में बिजली लगा दी है। मैंने पिछले साल भी बिजली के विस्तार के सिलसिले में अपनी बात कही थी। मैं समझता हूं कि इन्होंने 29 नवम्बर, 1970 को यह कह दिया कि हमने सारे हरियाणा प्रान्त में बिजली दे दी है लेकिन मैं यह नहीं समझता कि फिर बार–बार इस साल लगातार चार साल तक राज्यपाल के अभिभाशणों में एक ही बात को लिखने का क्या तात्पर्य है?

इसका साफा मतलब यह है कि हरियाणा सरकार को अभी यह यकीन नहीं कि सारे हरियाणा प्रान्त मैं बिजली पहुंच गई है, वरना भारत की प्रधानमंत्री आखिरी गांव उचानी में सविच आन करती है तो फिर कौन सी बात बाकी रहती है। यह गल्त बात को बार–बार कह कर यह चाहते हैं कि हम इनकी गलत बात को मान लें, यह कोई विश्वास कर सकता है कि सूरज ईस्ट की बजाय वैस्ट से निकल सकता है। जो गल्त बात है, वह गल्त ही है, उसको सही नहीं कहा जा सकता। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं तो सरकार के दिए हुए आंकड़े पेश करना चाहता हूं। जो सरकार की छापी हुई Statistical Abstract 1973-74 की किताब है, उसके अनुसार सफा 135 पर लिखा है:–

> "Haryana is the first State in the country to achieve 100 per cent rural electrification. Uchani was the last of 6670 villages of Haryana electrified on 29th Novermber, 1970."

यह कहते हैं कि 29 नवम्बर, 1970 तक हरियाणा प्रान्त के हर गांव में बिजली पहुंची है और आखिरी गांव उचानी है, जहां पर भारत की प्रधानमंत्री ने सविच आन किया है और गावं की तादाद 6670 थी, यह उनकी किताब कहती है और आगे चलकर सफा 135 के ऊपर लिखा है:–

> "Number of towns and villages electrified in Haryana as on 31st March, 1973 was 6731."

तीन साल के बाद कहते हैं 6731। 1972–73 में एक किताब Haryana Review छपी है उसमें कहते हैं:–

> "Hundred per cent electrification was achieved in Haryana in 1970. Total number of villages in the State was 6669."

पहले कह दिया 6669, उसके बाद 6731, उसके बाद 6670 और फिर लास्ट में कहते हैं 6771, तो अब मैं इस सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि इन में से कौन सी बात ठीक है। यह उनकी अपनी ही बात है, वह यह खुद कहते वाले हैं, खुद करने वाले हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस बारे में सरकार का दिमाग साफ नहीं है कि बिजली पहुंची है कि नहीं? डिप्टी स्पीकर महोदया, मैं एक मोटी बात करना चाहता हूं कि 22 नवम्बर, 1971 को एक प्रश्न के उत्तर में कहा गया कि हरियाणा के 6609 गांवों को स्ट्रीट लाईट पहुंचा दी गई है, यह कब कहा, तकरीबन एक साल बाद। इसका मतलब यह हुआ कि फिर यह मान गए कि 6609 गांवों में बिजली है, फालतू में नहीं है। यह जो आंकड़े हैं, यह सरकार की किताबों में से लिए गए हैं। 10 जनवारी, 1974 के अभिभाशण के सफा 10 पर लिखा है:–

> "Besides the first 60 M.W. unit at Faridabad which is under construction, the Board proposes to instal there a second unit of 60 M.W. Two generating units of 110 M.W. each are proposed to be installed at Panipat."

5 मार्च, 1973 को जो अभिभाशण राज्यपाल महोदय ने पढ़ा उसके पेज 11 पर लिखा है कि फरीदाबाद में 60–60 मैगावाट क्षमता वाले दो यूनिट स्थापित किए जा रहे हैं। पानीपत थर्मल प्लांट स्थापित करने सम्बन्धी कार्य को प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके आगे 4 जनवरी, 1974 के अभिभाशण के पेज 2 पर लिखा है कि 60–60 मैगावाट के दो थर्मल प्लांट फरीदाबाद में सैट–अप किए जा रहे हैं और 110–110 मैगावाट का एक–एक थर्मल प्लांट पानीपत में लगाया जा रहा है। वही पिछली बातें इसमें दोहरा दी गई हैं।

17.00 बजे

4, जनवरी, 1974 वाले में भी यही लिखा हैः–

> "Two thermal units of 60 M.W. each are being set up in Faridabad and two more of 110 M.W. each are being set up in Panipat."

फरीदाबाद और पानीपत के थर्मल प्लांटों का जिक्र चलता है, दोनों अभिभाशणों के अन्दर 1 जनवरी, 1975 को राज्यपाल ने जो अभिभाशण यहां पर पढ़ा है, उसके पेज एक पर लिखा हैः–

> "Efforts are being made to expedite the construction of two units of 110 M.W. capacity each at Panipat. One thermal unit of 60 M.W. has already been commissioned at Faridabad and another similar unit will be commissined a few months later."

तो मैं यह कहता हूं कि बार–बार एक बात को दोहरा कर सरकार खुद यह बात साबित करती है कि सरकार को खुद यकीन नहीं है कि हरियाणा के हर गांव में बिजली है। पानीपत के प्लांट का प्रचार सुनते हमें चार साल हो गए और अब भी कहते हैं कि एक्सपीडाइट करने की कोशिश कर रहे है। मैं यह चाहूंगा कि सरकार राज्यपाल महोदय को कम से कम वह बात लिखकर दे जिसमें कोई सच्चाई हो ताकि उसे हम भी मानें कि ठीक है। मैं पिछले हफ्ते फरीदाबाद गया था वहां मुझे पता लगा कि हमारे गुप्ता जी जो आई.पी.एस. हैं, इन्होंने वहां उदघाटन किया, हालांकि उस प्लांट की तैयारी नहीं थी, फिर भी इन्होंने उद्घाटन किया। ये नए–नए मिनिस्टर बने हैं, इसलिए इनको उद्घाटन करने का शौक है –(विघ्न)–

सिंचाई एवं बिजली मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्ता): डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह बिल्कुल गलत बात है। वहां कोई उद्घाटन नहीं हुआ। उन्होंने तो * * * * बोलने का ठेका ले रखा है। आप सारे साहिबान ध्यानपूर्वक सुन लो कि आज तक फरीदाबाद थर्मल प्लांट का औपचारिक उद्घाटन नहीं हुआ।

चौ. दल सिंह: आप मुझे बोलने दैं। अगर मैं गलत कह रहा हूं तो आप उस वक्त कह लें, जब आप बोलेंगे।

श्री बनारसी दास गुप्ता: आपको गलत कहने का राईट नहीं है। यहां सामने इस हाउस में भी लिखा हुआ है कि झूठ बोलना पाप है।

चौ. दल सिंह: हमें भी बोलने दें ....(विघ्न)....आप कहते हैं कि बिहार में डैम बनाएंगे, कलकत्ता में बनाएंगे .....(शोर)..... आप हमारी बात शांति से सुने।

श्री बनारसी दास गुप्ता: मैं आपकी सारी बात शांति से सुन रहा हूं लेकिन जब * * * * बोला जा रहा हो उसे कैसे सुना जाए?

उपाध्यक्षा: चौ. दल सिंह जी, आपको प्रापर–वे में बोलना चाहिए।

चौ. दल सिंह: मैं प्रापर–वे में ही बोल रहा हूं। जो मुझे वहां के लोगों ने बताया है, मैं यहां बता रहा हूं। मैं गुमराह नहीं कर रहा हूं।

श्री बनारसी दास गुप्ता: डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है कि अगर यह बात सही हो, तो मैं अस्तीफा देने के लिए तैयार हूं, वर्ना चौ. दल सिंह अस्तीफा दे दें। इस हाउस में स्पश्ट लिखा हुआ है कि झूठ बोलना पाप है।

चौ. चांद राम: डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन्होंने यह जो झूठ का लफ्ज कहा है, यह अन–पार्लियामैंट्री है।

उपाध्यक्षा: इन्होंने यह नहीं कहा कि झूठ बोल रहे हैं, इन्होंने तो यह कहा है कि झूठ बोलना पाप है।

चौ. दल सिंह: मैं कोई इल्जाम थोड़े ही लगा रहा हूं। मैं तो अब भी इतनी बात कहता हूं कि आज भी उस यूनिट से कोई बिजली पैदा नहीं होती हैं। ....(विघ्न)....आप मेरी बात को सुन तो लें। मैं फरीदाबाद की बात कर रहा था। फिर यह अभिभाशण जो है, उसमें गवर्नर महोदय फरमाते हैं कि बिजली की कमी 1977–78 तक पूरी हो जाएगी। मेरे कहने का मतलब यह है कि पिछले 4–5 सालों से राज्यपाल के अभिभाशण में तोड़–मरोड़ कर वही बात लिखी जा रही है–यह क्या तमाशा है? हमें यह बात कहते का

*अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

हक है कि यह बात सही है और यह गलत है (विघ्न) अब एक और अजीब बात देखिए कि 4 जनवरी, 1074 के अभिभाशण के पेज 5 पर ये फरमाते हैं कि हरियाणा प्रान्त में 149160 टयूबवैल्ज है और अब फरमाते हैं कि 133000 टयूबवैल्ज हैं यानी एक साल में 16160 टयूबवैल्ज घट गए। यह चीज मैं नहीं कहता यह इन्होंने खुद लिखा है। सबझ में नहीं आती यह क्या तमाशा बना रखा है? फिर कोई बोलना चाहे तो बोलने नहीं देते।

जहां तक बिजली के उत्पादन की बात है वह भी मैं आपकी मार्फ सदन के सामने रखना चाहता हूं। हरियाणा प्रान्त में और बाकी सारे मुल्क के अन्दर कितनी–कितनी बिजली पैदा हुई और कितनी क्षमता के प्लांट लगे यह भी देखने योग्य बात है। 'स्टैटिस्टीकल एब्स्ट्रैक्ट आफ हरियाणा 1973–74' में यह दर्ज है कि हरियाणा के अन्दर 504 मैगावाट की क्षमता के प्लांट हैं और उपभोक्तओं की तादाद 616193 है, आंध्र प्रदेश के अन्दर 608 मैगावाट की क्षमता के प्लांट हैं और उपभोक्ता 1249234 हैं, गुजरात के अन्दर 904 मैगावाट की क्षमता के प्लांट हैं और उपभोक्ता 1437275 हैं, इसी प्रकार महाराश्ट्र के अन्दर 2109 मैगावाट यानी हरियाणा से चार–गुणा ज्यादा क्षमता के प्लांट हैं यह कहते हैं कि देश भर में हमारे बराबर कोई नहीं है–तो वहां उपभोक्ता 2295794 इससे आगे मैसूर में 960 मैगावाट की क्षमता के प्लांट हैं और उपभोक्ता हैं 1200761 उसके बाद पंजाब जो हमारा पड़ौसी प्रदेश है वहां 750 मैगावाट क्षमता के प्लांट हैं और उपभोक्त 1156240 है, तमिलनाडू में 2186 मैगावाट क्षमता के प्लांट हैं और उपभोक्त 2426424 हैं, हरियाणा से चार गुणा ज्यादा। पश्चिम बंगाल, जिसे हम बड़े फख्र से कहते हैं कि बड़ा गरीब सूबा है उस प्रान्त के अन्दर 1215 मैगावाट की क्षमता के प्लांट हैं और उपभोक्ता हैं 938125। तो जहां तक प्लांटों की क्षमता का ताल्लुक है, हरियाणा का नम्बर हिन्दुस्तान में बारहवां हैं। यह तो थी क्षमता की बात, इससे आगे आप चलें, पर–कैपिटा बिजली कंजम्पशन में, मेरे साथी श्री गुलाब सिंह जी बड़े जारे से कह गए

और जोशी जी ने भी बड़े जोर से कहा कि हमारी जो पर–कैपिटा कन्जम्पशन है वह बड़ी भारी है। लेकिन हरियाणा के अन्दर पर–कैपिटा कन्जम्पशन जो है बिजली की वह 104.82 यूनिट है, पंजाब के अन्दर 168.63 यूनिट है, तमिलनाडू के अन्दर 131.99 यूनिट हैं, पश्चिमी बंगाल में पर–कैपिटा कन्जम्पशन 106.55 यूनिट, गुजरात में 129.19 यूनिट, मैसूर में 113.60 यूनिट पर–कैपिटा कन्जम्पशन बिजली की है। इस हिसाब से अगर हरियाणा को देखा जाए, तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरियाणा का सातवां नम्बर पर–कैपिटा कन्जम्पशन में आता है। लेकिन यह भाई डींगे मारते नहीं थकते कि साहब हम तो सारी दुनिया में आगे हैं और हमने तो बिजली के मामलों में सारे प्रदेशों को मात कर दिया लेकिन जो असलियत है वह आप ही देख लें कि इसमें कितनी सच्चाई है। यह अजीब तमाशा इन्होंने बना रखा है, कम से कम सच्चाई की बात तो करो। आज हम अगर ठीक बात करें तो हमारी बात को सुनते ही नहीं। यह जो फिगर्ज मैंने दी हैं यह मेरी नहीं है, सरकार की अपनी किताब से पढ़कर मैंने कोट की हैं। अगर गलती होगी तो इनकी किताब की होगी लेकिन जो बात सही है वह मैंने अर्ज कर दी हैं यह कहते फिरते हैं कि सारे हरियाणा में इन्होंने बिजली पहुंचा दी हर गांव में दे दी। इसका नमूना मैं आपके सामने पेश करना चाहता हूं और यह बताना चाहता हूं कि दूसरी स्टेट्स में कितने गांवों को बिजली उन्होंने दी, पहले साल में कितने गांवों में दी और उसके अगले साल में कितने गांवों में दी। हरियाणा में 1970–71 में कहते हैं कि 6770 गांवों में बिजली

पहुंचा दी। अब दूसरों की बात देख लो। आंध्र प्रदेश मैं 1970–71 में 8878 गांवों में बिजली थी और अगले साल 1971–72 में 9252 गांवों में पहुंचाी यानी एक साल में 1174 गांवों में उन्होंने बिजली दी। हरियाणा में कहते हैं कि और कोई गांव हीं नहीं थे कि जिनको बिजली दी जाती। लेकिन अगर आप दूसरों के साथ मुकाबला करते हैं ओर अपने आपको सबसे आगे कहते हैं, तो सच्चाई की तरफ भी देखना चाहिए कि हमने किया क्या है? तो मैं अर्ज करता हूं कि बिहार के अन्दर जो गरीब प्रान्त कहा जाता है 1970–71 में 7741 गांवों में बिजल थी और अगले साल 1971–72 में 8313 गांवों में उन्होंने बिजली दी। फिर मध्य–प्रदेश को लें वहां 1970–71 में 6609 गांवों में बिजली थी और 1971–72 में उन्होंने 8787 गांवों में बिजली पहुंचा दी, यानी एक साल में अढ़ाई हजार से ज्यादा गांवों को बिजली दी .....।

उपाध्यक्षा: इसके साथ यह भी तो मैंशन करें कि वहां कुल गांवा कितने थे –(हंसी)–

चौ. दल सिंह: मैं कम्पैरेटिव फिग्र्ज दे रहा हूं इससे आप अन्दाजा लगा लें कि असलियत क्या है? मैं अर्ज कर रहा था कि महाराश्ट्र में 1970–71 में 12151 गांवों में बिजली थी और 1971–72 में उन्होंने 13160 गांवों में बिजली पहुंचा दी। मैसूर में 1970–71 में 8328 गांवों में बिजली थी और 1971–72 में 10075 गांव में पहुंच गई इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में 1970–71 में 20714 गांवों में बिजली थी और 1971–72 में 23795 गांवों में पहुंच गई।

तो आप अन्दाजा लगाएं कि एक साल में उन्होंने हरियाणा के कुल गांवों के आधे गांवों बिजली दे दी सिर्फ एक साल में। फिर हमारे यहां बिजली की क्या हालत है यह भी एक अजीब तमाशा है और बिजली बोर्ड कैसा काम करता है वह एक अजीब कहानी है। मैं फिर सरकार के अपने आंकड़ों की तरफ आता हूं। यह मेरे पास हमारे सदन की पब्लिक अकाउंटस कमेटी की 1972–73 की रिपोर्ट है। आप जानते है कि इस सरकार का बहुमत है और इस कमेटी में भी सरकारी पक्ष के ज्यादा मैंबर हैं ओर इसका चेयरमैन भी सरकारी पार्टी का है और उस कमेटी की रिपोर्ट है जिस कमेटी में सरकारी मैम्बरों का बहुमत है, मैजोरिटी है। यह कमेटी हाउस की सबसे अहम कमेटी होती है और बड़ी जिम्मेदार कमेटी है। उसने अपनी रिपोर्ट में लिखा है:–

"The Committee note with concern that line losses are on the increase from 1967-68 onwards."

1967–68 से लगातार लाइन लौसिज ऊपर ही ऊपर जा रहे हैं। 1967–68 में तो दूसरी सरकार थी लेकिन उसके बाद इनकी यह सरकार आई है और उसक बाद से यह लौसिज बढ़ते ही चले गए लगातार "As against 16.6% in 1966-67, the loss had almost doubled by 1971-72". यह कहते हैं कि 1966–67 में लाइन लौसिज 16.6 थे फिर 1968 से यह बढ़ते लगे और बढ़ते–बढ़ते आज तकरीबन दुगने हो गए हैं। यह मैं नहीं कहता इनकी कमेटी की रिपोर्ट कहती है। फिर इसके बावजूद यह कहते हैं कि बहुत

बढ़िया चेयरमैन है, लेकिन मैं कहता हूं कि अगर हिन्दुस्तान में ऐसे दो–चार चेयरमैन और हो गए, तो बेड़ा गर्क हो जाएगा। आगे चलकर इसी रिपोर्ट में लिखा है:–

"The Committee strongly feel that it is due to improper planning, non-strenthening of transformers and other equipment."

अब यह कहते हैं कि, क्योंकि हरियाणा बिजली बोर्ड की प्लानिंग ठीक नहीं थी डिफैक्टिव थी, नुक्सादार थी, अच्छी नहीं थी, ट्रासफार्मज जो लगाए गए वह ठीक तरह से नहीं लगाए गए इसलिए लौसिज बढ़े। अगर हम यह बात कहते हैं तो यह कहते हैं कि हमारे अफसर बहुत बढ़िया हैं। हमें पता है कि किस तरह के बढ़िया हैं। अब मैं इस सदन का ध्यान इस बोर्ड की माली हालत की तरफ दिलाना चाहता हूं। इस बोर्ड पर इस वक्त कोई दो सौ करोड़ का कर्जा है, लेकिन आप देखें कि इस कर्ज से इस बोर्ड ने क्या फायदा उठाया है। इस बोर्ड को 1970–71 में 126 लाख 29 हजार रूपए का घाआ रहा एक साल में। फिर आप इससे आगे चलें। 1971–72 में 429 लाख का नुक्सान रहा और 1972–73 में 364 लाख का घाटा रहा। मैं पूछना चाहता हूं कि यह कैसी प्लानिंग है और क्या यह बोर्ड की कार्यवाही है कि दो सौ करोड़ रूपये का कर्ज इसके सिर पर हो, जिस पर हर साल आठ–नौ करोड़ रूपया सूद दिया जाता है और फिर हर साल ही घाटा होता चला जाए। इन हालात में कौन मानेगा कि बोर्ड की कारगुजारी ठीक है। एक गुजारिश मैं और करना चाहता हूं और

यह कोई नाराजगी की बात नहीं होनी चाहिए। मैं आपका ध्यान कम्प्ट्रोलर ऐंड आडिटर जनरल आफ इंडिया की रिपोर्ट की तरफ दिलाना चाहता हूं। पिछली दफा चीफ मिनिस्टर ने बड़े फख्र के साथ कहा था कि ज्यों ही हमारे पास वह रिपोर्ट आएगी, हम फौरन सदन की मेज पर रखेंगे। लेकिन मैं अर्ज करता हूं कि वह रिपोर्ट भारत सरकार को मिल चुकी है और हरियाणा सरकार को मिल चुकी है, मगर आजतक सदन की मेज पर वह नहीं रखी गई। अगर सरकार का दामन साफ है और ये समझते हैं कि कोई गलत बात इनकी नहीं है तो फिर क्यों वह सदन की मेज पर नहीं रखी जाती और वह क्यों नहीं पब्लिश की जाती? मैं यह कह सकता हूं कि अगर हरियाणा सरकार इसे मेज पर रखेगी तो इस बोर्ड के चेयरमैन और दूसरे कार्य–कर्ताओं की कारगुजारियों का पता लग जाएगा कि करोड़ों रूपए का गबन किया गया है और करोड़ों रूपए के ब्लैक में बिजली के खम्बे खरीदे गए, जो रिजैक्टिड खम्बे थे उनके ऊंचे भाव पर टैंडर मन्जूर किए गए। अगर मिनिस्टर साहब इस बात से इनकार करते हैं तो उस रिपोर्ट को सदन की मेज पर रखें, यह रिपोर्ट मेरे पास है अगर डिप्टी स्पीकर साहिबा आप इजाजत दें तो मैं इसे हाउस की मेज पर रखता हूं। If you allow me, I am prepared to place it on the table of the House. आप देखिए इसके अन्दर क्या तमाशा हैं इस्लामाबाद गांव से 33 के.बी. लाइन की एक्सटैंशन के लिए, 11 के.बी. लाईन को दोबारा एक्सटैंशन करने के लिए 60 किलोमीटर लाईन को गिराना पड़ा, डिसमैंटल करना पडऋाख जिससे आठ लाख रूपए का घाटा पड़ा।

इनको कया हक है कि गरीबों से टैक्सों के जरिए रूपए लेकर इस तरह से वेस्ट किया जाए। फिर ये कहते हैं कि इतनी बिजली लगा दी और इतनी तरक्की कर दी। इसके लिए तो बेहर था कि चुप रहते और चुप रहें मैजोरिटी इनके पास है, जो चाहें पास करवाते चले जाएं लेकिन यह जो इस तरह चैलेंज करके कहते हैं कि यह कर दिया वह कर दिया यह ठीक नहीं है। आप इस रिपोर्ट से देख सकते हैं कि कितनी गड़बड़ है और हेरा–फेरी है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर आप इजाजत दें तो मैं यह रिपोर्ट सदन की मेज पर रखता हूं। यह गवर्नमैंट आफ इंडिया की रिपोर्ट है आपकी बड़ी मेहरबानी होगी अगर आप इसे मेज पर रखने की इजाजत दें।

टैंडर रिजैक्ट किए हुए परचेज किए और खम्भे जो डिफैक्टिव थे, वे परचेज किए, ट्रासफार्मरज रिजैक्टिड खरीदे गए। मेरे कहने का मतलब यह है कि घटिया सामान लिया गया। जो घटिया ट्रांसफार्मर्ज जल गए, उसकी मुरम्मत के लिए 11488952 रूपए इस बोर्ड ने खच्र किए। इतनी भारी रकम कहां से ली गई। मैं यह बता देता हूं कि एक क्वैश्चन नं. 1201 दिनांक 23.8.71 के जवाब में गवर्नमैंट ने कहा कि 11488952 रूपए मुरम्मत पर खर्च हुए। आप देखें कि कितनी भारी रकम है और फिर हम उस चेयरमैन की तारीफ करते हैं जो हरियाणा का दीवाला निकालता हुआ चला जाए और दूसरी तरफ हम उसकी तारीफ के पुल बांधते रहें। 1970–71 में जो घटिया ट्रांसफारमर्ज खरीदे गए उससे

किसानों को बड़ा भारी नुक्सान हुआ, क्योंकि दो–दो महीने तक सरकार उनकी रिप्लेसमैंट नहीं कर सकी और आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि बिजली और पानी के बगैर किसान की कितनी बरबादी हुई। इसके इलावा किसान ने एम.सी.जी. के तहत रूपया वसूल किया गया। मैंने मुख्यमंत्री महोदय से कहा था कि जिस अर्से में सरकार बिजली की कटौती करती है, जिस अर्से में किसान को बिजली नहीं दे सकते, मेहरबानी करके उससे उसका खर्चा न लें। इस पर मुख्यमंत्री आश्वासन दिया था कि बिजली पर कट जहां हुई है, उस दौरान का बिजली का कोई बिल नहीं बनेगा। लेकिन आप देखें कितनी हैरानी की बात है कि उस दफ्तर से बिजली का बिल बनकर जा रहा है, हजारों रूपया किसानों से वसूल यिका जा रहा है। चीफ इंजीनियर इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के दफ्तरों से एक चिट्ठी निकलनी है कि 25 परसैन्ट रिबेट दे दिया जाए, लेकिन कोई रिबेट नहीं दिया जाता, क्योंकि हमारे रूल्ज ऐसे हैं कि पहले पेमैंट करा, बाद में देखा जायेगा तब जाकर बाद में रिबेट का फैसला होता है। पहले पेमैंट करके कौन झगड़ता रहे? झूठे बिल बनाकर किसानों से पैसा वसूल किया और इस तरह से हरियाणा बिजली बोर्ड हरियाणा की तबाही करने के लिए बना हुआ है, यह एक सीधी सी बात है।

सरकार खेती की तारीफ के पुल बांध रही है। एक तरफ खेती को बिजली देते हैं और दूसरी तरु एक लाख मजदूर हरियाणा प्रान्त में बेरोगजगार हैं। किस लिए, क्योंकि बिजली की

कटौती उद्योग–धन्धों पर है। फिर ये बड़ी डिंग मारते हैं कि हम बेरोजगारी को खत्म करेंगे। एक तरफ कहते हैं कि हरयिाणा का वर्कर समझदार है और दूसरी तरफ आप देखें मजदूर के तन पर कपड़ा नहीं है, जूती नहीं है, बच्चों के लिए रोटी नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक तरफ मजदूरों को सरकार की तरफ से धोखा मिलता है और दूसरी तरफ कहती है कि हम तरक्की पसन्द हैं, कितनी कमाल की बात है। उद्योगों पर बिजली की कटौती से उद्योंगों में 7 अरब रूपए के उत्पादन का घाटा रहा है। अगर 7 अरब रूपए का उत्पादन होता तो इसमें सरकार को भी फायदा रहता लेकिन इन्होंने सारे उद्योग–धन्धे चौपट कर दिए, हरियाणा की तबाही हो गई। मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि वह इस बात पर सीरियसली गौर करें और इस बात को देखें कि जो कुछ हम कहते हैं वाकई ही उसमें कोई सच्चाई है? हम सरकार के साथ चलने के लिए तैयार हैं। * * * * आफिसर अगर कोई है, तो उसकी क्यों मदद की जाएद्य अच्छी बात है फिर तो तारीफ करो, उसको इंसैटिव दो। अगर चेयरमैन * * * * आफिसर बना दिया है जो हरियाणा को तबाह करने पर तुला हुआ है, अगर सरकार उसकी तारीफ करें तो बड़े अफसोस की बात है। .....

श्री बनारसी दास गुप्ता: आन ए प्वांयट आफ आर्डर, मैडम। क्या कोई अधिकारी जो इस सदन में आकर जवाब न दे सकता हो, उसके ऊपर कोई इल्जाम लगाया जा सकता है? –(व्यवधान)–

चौ. दल सिंह: बाई नेम मैं नहीं लगा सकता ..... आप बता दें मैंने क्या कहा? –(व्यवधान)–

श्री बनारसी दास गुप्ता: मैं रूलिंग चाहता हूं .....

चौ. दल सिंह: पिछली दफा इस पर रूलिंग जा चुकी है .....

उपाध्यक्षा: कोई मैम्बर क्या कहता है, इस पर रूलिंग देना बड़ा मुश्किल है। अगर कोई ऐसे आब्लैक्शनेबल शब्द हैं तो उसको एक्सपंज किया जा सकता है .....

चौ. प्रताप सिंह दौलता: डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरी एक सबमिशन है। एक बार पहले भी यह सवाल पूछा गया था और उसका जवाब सुनकर मैं खामोश रहा। चेयर इस क्वैश्यन को अच्छी तरह एग्जामिन करवा ले कि एक आफिसर, चाहे उसका नाम लिया जाए, चाहे डी.सी. जींद कहा जाए, चाहे राम नारायण कहा जाए, कुछ भी कहें, जो चीज

*उपाध्यक्ष महोदया के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

उसको आईडैटिफाई करती है और वह यहां पर आकर जवाब नहीं दे सकता, क्या उसकी बड़ाई की जा सकती है, जैसे हरद्वारी लाल ने बड़ाई की थी? जो चीज उस आफिसर को आईडैंटीफाई करती

है उसकी न कोई बड़ाई की जा सकती है और न बुराई की जा सकती है। आप इसको इग्जामिन करवा लें।

चौ. चांद राम: अगर बड़ाई न करें, तो डिस्कशन किस तरह होगी? –(व्यवधान)–

उपाध्यक्षा: एक चीज गुप्ता साहब की तरफ से आई है ओर एक दौलता साहब ने कही है। जहां तक मैं समझती हूं कि यदि किसी की तारीफ की जाए उसको हम नहीं रोक सकते मगर मैं इतना कह सकती हूं कि जो मैम्बर डैफामेटरी शब्द कहता है I will request the hon. Member, Ch. Dal Singh that he should not speak defamatory.

चौ. दल सिंह: यह तो आपने तजवीज कर दी है, जैसा आप कहेंगे मैं वह कह देता हूं, इसमें मुझे कोई दिक्कत नहीं है। आप अगर नहीं चाहते तो मैं 'चेयरमैन' क्यों कहूं, लेकिन 'चेयरमैन' तो एक बहुत बड़ा औहदा है। दूसरी बात यह है कि मैंने डी.सी. जीन्द, रामनारायण की बाबत कोई बात नहीं कही .....
.

उपाध्यक्षा: पर्सनल किसी अफसर का नाम लेकर या उसके पद को लेकर न कहें। हम यह कह सकते हैं कि फलां चीज में कमी रही, बोर्ड को कह सकते हैं, किसी भी संस्था को कह सकते हैं कि यह–यह कमी रही, मगर किसी अफसर को बाई–नेम या उसके पद के बाई–नेम कही जाए, तो उसको बाई–नेम समझा जाएगा। अगर आप उनका नाम ले लें, चाहे आप डिप्टी कमिश्नर

अम्बाला कहें, चाहे के.के.शर्मा कहें दें it is the same thing. So please avoid mentioning the name in any form.

श्री बनारसी दास गुप्ता: उपाध्यक्ष महोदया मेरा प्वांयट आफ आर्डर यह है कि आपने जो अभी आदेश दिया है, रूलिंग दी है, उसकी रौशनी में वे शब्द एकसपंज कर दिए जाएं जो इन्होंने कहा है कि चेयरमैन कुरप्ट है।

Deputy Speaker: If there is any word "corrupt" used, I will say that this word should be expunged.

Ch. Partap Singh Daulta: I want to bring to your notice that you cannot revise ro review a ruling given by the Chair. When Mr. Banarsi Dass Gupta was the Speaker, a ruling from the Chair, an observation in the form of ruling fell from his lips. That was to this effect that no officer by name or by offce can be praised or criticised when he is not in a position to answer it. This Ruling had been given in the very first session when Ch. Hardwari lal began to praise this very Chairman and I objected to it. The ruling is on record. You can examine your record.

चौ. दल सिंह: डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका ध्यान नवम्बर के सैशन की तरफ दिलाना चाहता हूं।

उपाध्यक्षा: आप एक मिनट बैठें। दौलता साहब की तरफ से एक चीज आई है मुझे उसका जवाब देने दें। बात यह है कि वक्तन फवक्तन जब कोई चीज होती है, तो चेयर की अपनी–अपनी रूलिंग होती है। गुप्ता साहब की आपनी रूलिंग थी और मेरी

अपनी रूलिंग है। दूसरी बात यह है कि प्रेज का यहां कोई खास सवाल नहीं था। अगर गवर्नमैंट अच्छी है, तो किस तरह से यह कहा जा सकता है कि यह गवर्नमैंट अच्छी नहीं है। हां, डैफेमेटरी बात कोई भी किसी ऑफिसर के खिलाफ यहां नहीं कर सकता। अगर कोई कहेगा तो उसे मैं एक्सपंज कराऊंगी।

चौ. दल सिंह: डिप्टी स्पीकर साहिबा, वैसे तो इसमें प्रेज (तारीफ) या क्रिटिसिज्म की कोई बात नहीं थी। अगर कोई ईमानदार है, उसे ईमानदार कहा जाए और अगर कोई बेईमान है, उसे बेईमान कहा जाए, तो इसमें कौन–सी गलत बात है? अगर कोई सेहतमन्द है, तो उसे मैं बीमार कैसे कहूं? खैर, मैं गुस्ताखी के लिए माफी चाहूंगा अगर कोई गलत बात मैंने कह दी है। लेकिन एक बात डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं जरूर कहूंगा कि हमें बड़ा दु:ख होता है, जब करोड़ों रूपया हमारा इस तरह से जाया जाता है। अगर यह बात भी हम यहां न कर सकें, तो आप ही बताएं कि फिर लोग हमें यहां किस लिए भेजते हैं? हमें तो लोग चुनकर यहां इसीलिए भेजते हैं कि सही मायनों में हम उनकी नुमायंदगी करें, जो चीज जैसी हो, वैसा ही उसे कहा जाए। मैं तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, फिर यह अर्ज करूंगा कि बिजली के महकमें ने जितनी जयादती की है, उसको ब्यान नहीं किया जा सकता।

आज, डिप्टी स्पीकर साहिबा, वैसे तो किसानों के गुणगान चारों तरफ हैं, लेकन वास्तव में उनकी हालत बहुत बुरी है। पानी ऊपर से बरसा नहीं, इन्होंने दिया नहीं और फसल का

सत्यानाश हो गया है। मैं तो अपनी जीन्द की ही बात आपको बताता हूं। पिछले काफी दिनों से जीन्द के अन्दर बिजली नहीं है। आई.पी.एम. साहब को अगर मेरी बात पर विश्वास न आता हो, तो वे बेशक इस बात का पता करा लें। बिना पते के यह बात कहना कि हम छः घंटे बिजली देते हैं, ठीक बात नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहिबा बिजली और पानी उत्पादन बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी हैं। इनका ठीक ढंग से प्रबन्ध होना चाहिए, तभी अनाज के मामले में हम आत्मनिर्भर हो सकते हैं। आज हमारे प्रदेश और देश का अनाज की बहुत ज्यादा जरूरत है। फिर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, ये रात को बिजली देते हैं। यह बात भी ठीक नहीं, क्योंकि इससे किसान को बड़ी भारी परेशानी होती है, लेकिन फिर भी चाहे कितनी सर्दी हो, किसान फसल को पानी तो देता ही है। कारखाने के अन्दर तो राम को काम हो सकता है, लेकिन खेत के अन्दर का काम करना बड़ा मुश्किल है। वहां तो 20 गज तक, 100 गज तक, 200 गज तक और हजार–हजार गज तक का पानी जाता है, और अगर थोड़ा–सा भी पानी खराब हो जाए, तो न सिर्फ जमींदार को नुक्सान होता है, सरकार को नुक्सान होता है, बल्कि सारे नेशन को नुक्सान होता है। तो मैं गुजारिश करूंगा कि यदि हो सके, तो दिन में किसान को पानी देने का इन्तजाम कीजिए। मैं इस सम्बन्ध में, डिप्टी स्पीकर साहिबा, कुछ सुझाव भी देना चाहता हूं। यह बात सर्वविदित है कि बिजली के महकमें के अन्दर रिश्सत का बाजार गर्म हैं इसका चैक किया जाना चाहिए। मैं इसके लिए सुझाव देना चाहता हूं। सरकार को यह पता है कि

हरयिाणा प्रान्त में इतने बिजली के टयूबवैल्ज हैं, इनको यह भी पता है कि इतनी हौर्स पावर के मीटर्ज हमारे यहां लगे हुए हैं, सरकार को यह भी पता है कि कितने बिल्ज बनते हैं, सरकार को यह भी पता है कि कितनी आमदनी माहवार होती है और सरकार को दूसरी सारी बातों का भी पता है। मान लीजिए कि किसी के मीटर का एक रूपया रैंट हे और पांच रूपया उसका खर्चा आता है, तो आप किसान से पर–हौर्स पावर 6 रूपए ले लें। इसमें हमें कोई एतराज नहीं, लेकिन हम चाहते हैं कि डायरैक्ट कुनैक्शन कर दिया जाए, जिस तरह कि पंजाब में है। इससे फायदा क्या होगा? लाखों मीटर बचेंगे। इस वक्त 149160 मीटर्ज हैं। तो आप देखें की कितने मीटर बचे और करोड़ो की तादाद में जो रूपया इनको खरीदने में खर्च होता है, वह बचेगा, फिर इनकी रिपेयर में जो पैसा खच्र आता है, वह बचेगा, मीटर रीडर्ज पर जो लाखों रूपया खर्च होता है, वह बचेगा, बिल बुक्स जो छपती हैं, उनका खर्चा बचेगा और सबसे ज्यादा किसान को जो डिफिकल्टी होती है वह नहीं हो पाएगी। आप इस बात पर कृपया जरा सोचे लें। एक हौर्स पावर पर आप चाहे कितना खर्च रख लें, लेकिन डायरैक्ट कुनैक्शन कर दीजिए। इससे न एम.सी.जी. का चक्र रहेगा, न क्लर्क का चक्र रहेगा और न ही रिश्वत की बात रहेगी। सारी बीमारी ही मिट जाती है। मैं उम्मीद रखता हूं कि आई.पी.एम. साहब इस तरफ ध्यान देंगे। डिप्टी स्पीकर साहिबा, जैसा मैंने पहले कहा, हमारे पड़ौस वाले प्रांत पंजाब में यह बात की गई हैं उनके तजुर्बे से हमें फायदा उठाना चाहिए।

श्री बनारसी दास गुप्त: डिप्टी स्पीकर साहिबा, सदन की सूचना के लिए मैं बता दूं कि वे भी अब फ्लैट रेट वाली बात का बदल रहे हैं। अभी एक महीने के अन्दर अन्दर ये इस बात को देख लेंगे।

चौ. दल सिंह: डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरा यह सुझाव है। ये मानें या न मानें इनकी मर्जी है। मैंने तो एक बात कह दी है कि यह किसान के हित में है। अगर इन्हें उससे हमदर्दी है, तो माल लें और उसे अगर इन्होंने बर्बाद ही करना है, तो न मानें।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, गवर्नर साहब ने जो अभिभाशण यहां पढ़ा है, उसके सफा 4 पर लिखा है:–

> ''समय की मांग है कि कृशि उत्पादन को अधिक से अधिक बढ़ाया जाए। यह अत्यन्त सन्तोशजनक बात है कि राज्य सरकार ने अपनी स्कीमों में कृशि–उत्पादन को सबसे अधिक प्राथमिकता दी है।''

इसके बाद उन्होंने सिंचाई स्कीमों का जिक्र किया है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस सम्बन्ध में भी मैं फिर उसी किताब से आंकड़े देना चाहता हूं और यह बताना चाहता हूं कि इसके अन्दर सच्चाई कहां तक है। यह 1973–74 का स्टैटिस्टिकल ऐब्स्ट्रैक्ट है। इसके अनुसार सन् 1966–67 के अन्दर, जब हरियाणा प्रान्त बना था, अनाज की पैदावार 2592000 टन थी। इसके बाद यहां

1967–68 में विरोधी दल की सरकार बनी और उस वक्त अनाज की पैदावार 3970000 टन हुई। तो आप देखें कि एक साल के अन्दर कितनी बढ़ौत्तरी हुई थी? यह हुई थी 1378000 टन। उसके बाद यह सरकार लगातार चलती आई है। 1968–69 में पैदावार हुई 2754000 टन। अब आप देखें कि एक साल में पैदावार 3970000 टन से घटकर 2754000 टन पर आ गई। इस मौजूदा सरकार के रिजीम में कितनी कमी हुई एक साल के अन्दर 1216000 टन जबकि विरोधी दल की सरकार के वक्त में एक साल में 1378000 टन की बढ़ौत्तरी हुई थी। 1969–70 में पैदावार कुछ बढ़ी और यह हुई 4626000 टन। 1970–71 में 4771000 टन पैदावार हुई, 1971–72 में फिर यह घटकर 4543000 टन रह गई और 1972–73 में केवल 4007209 टन रह गई। इसका दूसरा पहलू, डिप्टी स्पीकर साहिबा और भी मजेदार है। ये कहते हैं कि सन् 1968–69 में हरियाणा प्रान्त में 29000 टयूबवैल्ज थे लेकिन अब कितने हैं, यह देखने की बात है। इसके बारे में एक जगह तो ये कहते हैं कि 149160 हैं और दूसरी जगह कहते हैं कि 133000 हैं। कोई सी भी बात मान लो, यह बात तो ठीक है कि टयूबवैल्ज बढ़े हैं। अगर इस फिगर को 133000 ही मान लिया जाए, तो भी 104000 टयूबवैल्ज इनके बढ़े हैं। अनाज तो, डिप्टी स्पीकर साहिबा, 1972–73 में इनका बढ़ा है 27209 टन, परन्तु टयूबवैल्ज बढ़े हैं 104000। तो यह हे इनकी सही पोजीशन।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहीं बस नहीं। आगे भी गवर्नर महोदय ने बहुत कुछ फरमाया है। ये भी बहुत कुछ कहते रहते हैं। एक सवाल के जवाब में यहां कहा गया कि इन्होंने टयूबवैल्ज ही नहीं लगाए, बल्कि हरियाणा को खुशहाल कर दिया। बड़ा भारी पानी पहुंचा दिया, बड़ी भारी इसके अन्दर नहरें निकाल दीं। नहरें कहां निकाली हैं, लोग जानते हैं। क्या हमारे साथ सलूक हुआहै इसको भी लोग जानते हैं। खैर, इस तरफ मैं ज्यादा न जाते हुए एक बात और अर्ज करना चाहता हूं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, सन् 1968 में हरियाणा के अन्दर 4399000 एकड़ रकबा नहरी था।

उपाध्यक्षा: चौधरी साहब, आप कितना टाईम और लेंगे?

चौ. दल सिंह: डिप्टी स्पीकर साहिबा, बड़ी कमाल की बात हैं अभी तो मुझे बोलते हुए बहुत थोड़ा टाईम हुआ हैं। मैं कोई गलत बात नहीं कर रहा हूं, इसलिए फ्री टाईम मिलना चाहिए।

Deputy Speaker: I have only asked the hon. Member as to how much more time he will take?

चौ. दल सिंह: डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं एक लफ्ज भी गलत कहने के लिए तैयार नहीं हूं। जो कुछ सरकार की तरफ से कहा गया है, उन्हीं के बारे में मैं अपने विचार प्रकट कर रहा हूं।

उपाध्यक्षा: मैंने तो सिर्फ इतना पूदा था कि कितना टाईम आप और लेंगे?

चौ. दल सिंह: मुझे बोलते हुए केवल पन्द्रह मिनट हुए हैं और कोई बोलने वाला नहीं है। इसलिए मुझे खुला टाईम मिलना चाहिए।

श्री बनारसी दास गुप्त: क्या कोई और नहीं बोलगा?

चौ. दल सिंह: बिल्कुल नहीं बोलेगा।

श्री बनारसी दास गुप्त: चौ. राम लाल जी क्या यह बात ठीक है? –(शोर)–

चौ. राम लाल वधवा: इसका मतलब यह है कि इनकी पार्टी की तरफ से कोई नहीं बोलेगा ....(विघ्न).....

चौ. दल सिंह: डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कहना चाहता हूं कि सन् 1968 में हरियाणा प्रान्त में 43 लाख 99 हजार एकड़ जमीन को पानी मिलता था। 1973 के अन्दर नहरों की सिंचाई का रकबा जो इन्होंने बताया, वह 61 लाख 21 हजार एकड़ था। इस तरह से 1968 से लेकर 1973 तक 17 लाख 22 हजार एकड़ रकबा को अधिक पानी दिया है। टयूबवैल्ज की तादाद बढ़ी है एक लाख चार हजार और नहरी रकबा बढ़ा है 17 लाख 22 हजार एकड़ और पैदावार बढ़ी है 37 हजार 209 टन। आप एस्टीमेट लगा लीजिए और इसको तक्सीम कर लीजिए, तो स्पीकर साहब आप यह बात सुनकर हैरान होंगे कि हरियाणा प्रान्त की सरकार एक टयूबवैल्ज के ऊपर दो क्विंटल 60 किलो अनाज पैदा कर सकी

है। आई.पी.एम. साहब तो हिसाब के मामले में ज्यादा होशियार हैं, वही अन्दाजा लगा लें।

मुख्यमंत्री (चौ. बंसी लाल): हकीकत यह है कि इनकी तो दुकान है, इसलिए हिसाब तो ज्यादा इनको आना चाहिए।

(इस समय अध्यक्ष महोदय पदासीन हुए)

चौ. दल सिंह: मैं कहना चाहता हूं कि एक टयूबवैल पर दो क्विंटल 60 किलो अनाज पैदा हुआ है। हरियाणा सारे देश के अन्दर .....

श्री अध्यक्ष: चौ. दल सिंह जी आपने खासा टाईम ले लिया है, इसलिए आप वाईड–अप करें।

चौ. दल सिंह: स्पीकर साहब, मैं कोई बात गलत तो नहीं कह रहा हूं। अब तो चीफ मिनिस्टर साहब भी तशरीफ ले आए हैं। अब तो मुझे बोलने दीजिए।

श्री अध्यक्ष: आपने सब से ज्यादा टाईम लिया है।

चौ. दल सिंह: स्पीकर साहब, ज्यादा टाईम तो नहीं हुआ है। स्पीकर साहब, मेरे को एक देहाती मिसाल याद आ गई। वह मैं कहना चाहता हूं। हामरे यहां देहात में कहते हैं कि अगर कोई साधू हो, तो अपनी उम्र बढ़ाकर बताता है ओर कोई वैश्या हो, तो वह अपनी उम्र घटाकर बताती है। सिकी ने साधू से पूछा, कयों बाबा आपकी उम्र कितनी है? तो साधू ने जवाब दिया कि 80

साल, लेकिन उसकी उम्र थी तीस साल। फिर वैश्या से पूछा कि तुम्हारी उम्र कितनी है तो उसने जवाब दिया कि मेरी उम्र तीस साल है, लेकिन उसकी उम्र 80 साल की थी। तो फिर एक थर्ड पर्सन ने पूछा कि आपकी उम्र कितनी है, उसने जवाब दिया कि मेरी उतनी ही है कि जितनी बाबा जी ने बढ़ाई और वैश्या ने घटाई। मेरी उम्र 50 साल है। यही हालत हरियाणा सरकार की है। आंकड़े देती रहेगी। तारीफ करती रहेगी। पैदावार में बढ़ोत्तरी कोई नहीं, वहीं की वहीं है।

श्री अध्यक्ष: टाईम का पता लगाया है। आपने सबसे ज्यादा टाईम लिया है। इसलिए टाईम लिमिट लगानी पड़ेगी।

चौ. दल सिंह: टाईम लिमिट न लगाएं तो ठीक रहेगा। मैं अर्ज कर रहा था कि जहां तक किसानों के साथ .....

श्री अध्यक्ष: आपको बोलते हुए पचास मिनट से ज्यादा हो गए हैं।

चौ. दल सिंह: आप जवाब मना करेंगे, तो मैं जबरदस्ती तो क्या कर सकता हूं, लेकिन दो भाई पहले जो बोले हैं, उनका किसी ने मना नहीं किया।

श्री अध्यक्ष: आपको बोलते हुए उनसे ज्यादा टाईम हो गया।

चौ. दल सिंह: टाईम होने के लिए है। टाईम तो जाएगा ही। तो मैं अर्ज करूंगा कि एक तरफ तो सरकार किसानों की हमदर्द बनती है, दूसरी तरफ सरकार का यह नमूना है। जो खाद का कट्टा आज से छः साल पहले 20 रूपए का आता था, आज वह 100 रूपए का आता है। पांच सौ गुणा खाद की कीमत बढ़ी हैं कनक की कीमत सन् 1968 में 76 रूपए थी और आज सन् 1975 में 105 रूपए क्विंटल है। छः साल के बाद तीस परसैन्ट है। एक साल में पांच परसैन्ट बढ़ी है। लोहे और डीजल की कीमतें भी बहुत ज्यादा बढ़ी हैं।

चौ. बंसी लाल: 1969 में, चौ. दल सिंह जी भी उन दुकानदारों में से है, जिन्होंने 60 के भाव भी गेहूं नहीं लिया।

चौ. दल सिंह: इतनी ज्यादती किसानों के साथ हुई है। ट्रैक्टरों की कीमत, बिजली के रेट तो किसानों के तपड़ ही उल्टा दिए हैं। यही नहीं, हरियाणा सरकार ने लैण्ड टैक्स लगाया और चीफ मिनिस्टर साहिब यहां पर हाजिर हैं, उन्होंने फरमाया था कि हम तीन करोड़ रूपए का रैवेन्यू वसूल करेंगे। इस ऐक्ट के तहत जमीन की भिन्न–भिन्न किस्में बनाई गई हैं और उसी के अनुसार टैक्स की दरें बनाई गई हैं, परन्तु जिन गांवों के अन्दर बूंद भी पानी नहीं जाता है, वहां बरानी जमीन को भी नहरी करार दिया गया। मेरी अपीन कांस्टीच्युएंसी में दोनों झांज, जाजवान, बड़ौदी, जाजवान खेड़ी, दरियावाला और कितने गांव हैं जिनमें पानी नहीं के बराबर है, परन्तु नहरी जमीन करार दी गई। हरियाणा की

सरकार टैक्स वसूल करने जा रही है और वह तीन गुणा टैक्स होगा। तो मैं लीडर आफ दी हाउस से दरख्वास्त करूंगा कि वे तहकीकात कराएं अगर वाकई ही मेरी बात सच हो, तो उनकी जमीन को नहरी जमीन करार नहीं दिया जाना चाहिए। आपने ऐक्ट बनाया है, उस ऐक्ट की पूरी पालना होनी चाहिए। अगर कोई उसकी अवहेलना करता है, तो वह कसूरवाल है, हम सब हैं। लैण्ड सीलिंग ऐक्ट यहां हाउस में दो बार लाया गया, लेकिन आज हरियाणा प्रान्त के अन्दर इस किस्म के साहूकार मौजूद हैं, जिनके कारखानों की आमदनी दस हजार रूपए रोजाना है, हजार रूपए रोज है, और पांच सौ रूपए रोज तो बहुत कमाते हैं, परन्तु उन पर कोई सीलिंग नहीं लगाई गई, मैं यह कह सकता हूं ईमानदारी के साथ कि हरियाणा प्रान्त के अन्दर किसी भी किसान की आमदनी पांच सौ रूपए रोजाना नहीं है और यह सरकार उसी पर टैक्स लगाती है। जुलाई के महीने में 1.5 करोड़ रूपए की डयूटी बढ़ाई गई है। टैक्स लगाया, यह कितनी ज्यादती है और यह डर दिखा कर कि तुम्हारी जमीन छिन जाएगी। हरियाणा में जमीन है कहां पर? 85 परसैन्ट के पास पांच एकड़ है। नौ करोड़ रूपए के एस्टाम हरियाणा के किसानों ने खरीदे। इस तरह से सरकार ने उन्हें लूटा। हरिजनों को बहकाया गया कि तुम्हें जमीन देंगे। हरिजनों को बहका का बेचारों को हजारों को खस्सी करा दिया, लेकिन एक खूड भी जमीन नहीं दी। सरकार किसान से 105 रूपए प्रति क्विंटल के भाव पर गेहूं खरीदती है और उसी कनक को दस गज के फासले पर दूसरी दुकानों में रखकर हरिजनों को 152

रूपए प्रति क्विंटल के भाव पर बेचती है, जोकि बड़ा भारी अन्याय है।

चौ. बंसी लाल: एक तरफ तो चौ. दल सिंह जी कहते हैं कि हरिजनों को जमीन नहीं दी। दूसरी तरफ कहते हैं कि हरियाणा में जमीन है कहां। यह सैल्फ कन्ट्राडिक्ट्री स्टेटमैंट है।

चौ. दल सिंह: मैं अर्ज कर रहा था कि यह गलत कहते हैं। यह हरिजन को कहां से जमीन देंगे। फैमिली प्लानिंग के बारे में आपको सुनकर हैरानगी होगी कि खरखौदा के अन्दर सितम्बर महीने में 80 लड़कों का आप्रेशन कर दिया, जो 16 ओर 20 साल के थे। स्पीकर साहब मैं चैलेन्ज करना चाहता हूं डाक्टर की बात को, और आप चाहे बेशक इन्क्वायरी करवा लें, उनमे ंऐ एक भी खरखौदा गांवों का या देहात का नहीं है। अगर मैं गलत हूं तो चाहे जो सजा आप मुझे देना। आप यह जुल्म है। आज मूरथल के अन्दर 173 की नसबन्दी हुई। 17 आदमी मूरथल के हैं, बाकी सारे बाहर के हैं, दिल्ली से दल्ले आते हैं, हरियाणा का नाम बदनाम करते हैं। इसके बाद दोबारा फिर खरखौदा में चन्द विद्यार्थियों की नसबन्दी नौकरी देने का बहाना बनाकर की गई। लोगों ने वहां पर डिमानस्ट्रेशन किया, जिस पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया। यह सारी नसबन्दी बी.डी.ओ. की मार्फत कराई गई। हर केस पर 120 रूपए लिए गए, जिसमें से केवल 20 रूपए उन गरीब बच्चों को देकर बाहर कर दिया और बाकी सीमेन्ट के कट्टे बी.डी.ओं. साहिबा हजम कर गए। आज हरियाणा प्रान्त में सीमेंट उसको

मिलता है, जो नसबन्दी कराता है। इन्तकाल उसका तसदीक होता है, जो नसबन्दी कराए। तमाम नगरपालिकाओं के कर्मचारियों को और पटवारियों को हुक्म दिया हुआ है कि वह नसबन्दी कराएं, अन्यथा उनकी इन्क्रीमैंट बन्द हो जाएगी। आज तमाम इडमिनिस्ट्रेशन ठप्प होकर रह गया है और एक ही बात के पीछे है कि ठीक लोग गलत ढंग से दबाव से नसबन्दी कराई जाए। पुलिस में कोई रिपोर्ट दर्ज कराने जाए तो कहते हैं कि नसबन्दी कराओ। तमाशा बनाया हुआ है। जिसका नतीजा यह है कि किसान टयूबवैल्ज नहीं लगा सकता। कोई मकान की मरम्मत नहीं कर सकता, कोई इंडस्ट्री नहीं लगा सकता और न ही मकान बना सकता है। सारा कारोबार ठप्प हो गया है।

अध्यक्षः आपका टाईम हो गया।

चौ. दल सिंहः बात तो स्पीकर साहब सारी ही रह गई। मैंने तो कुछ भी नहीं कहा।

श्री अध्यक्षः काफी टाईम हो गया। बहुत से आनरेबल मैम्बर गवर्नर एड्रैस पर भी बोलना चाहते हैं। इस ढंग से तो अब तक तीन ही मैम्बर बोले हैं, फिर पांच–दस मिनटर ही एक मैम्बर को देने पड़ेंगे। अगर हाउस की मर्जी है, तो फिर टाईम लिमिट फिक्स कर देते हैं।

चौ. चांद राम: स्पीकर साहब चौ. दल सिंह तो हम चारों की तरफ से बोल रहे हैं। मूवर के बाद तो मेन स्पीच है। इनपर तो टाईम लिमिट नहीं लगनी चाहिए।

चौ. दल सिंह: स्पीकर साहब, हरियाणा की माली हालत क्या है? ये कहते हैं कि हमने डैम बना दिए। स्पीकर साहब तमाम की तमाम चीजें अन–प्रोडक्टिव, अन–प्लान्ड स्कीमों पर पैसा खर्च किया गया है। कोई भी प्रजातन्त्र की सरकार हो, उसका यह फर्ज है कि उस स्कीम पर रूपया खर्च करें, जिससे आम जनता की भलाई हो, लेकिन यहां पर क्या कार्य किया गया? लेक बनवाई, झील बनाई। मेरे दोस्त डूबता चाहते हैं, हम डूबोना नहीं चाहते। हम सही सलामत चाहते हैं। यहां पर रैस्ट हाउसिज बनाए जा रहे हैं। रैस्ट हाउसिज भी ऐसे, जिसमें गर्मी न लगे और सर्दी भी न लगे। मोटल और होटल और हवाई जहाज खरीदे जा रहे हैं। 5 लाख का हवाई जहाज खरीद रहे हैं। सात जिलों से 10 जिलें बना दिए। तीन डिप्टी कमिश्नर बढ़ दिए। अब एक मोटर बनारहे हैं, जींद के अन्दर, हमारे मुख्यमंत्री जी ने फरमाया कि दो लाख में यह मोटर बन रही है। किस लिए बन रही है, इसलिए ए बन रही है कि जीन्द से अफसर चण्डीगढ़ बैठ कर जाया करेंगे।

आज हरियाणा प्रान्त की माली हालत क्या है? तीन सौ करोड़ का कर्जा हरियाणा प्रानत पर है और दो सौ करोड़ रूपए का कर्जा बिजली बोर्ड पर है और रोज हरियाणा सरकार कर्जा मांगती है। आपने किया क्या है, यह भी जरूर सुन लो। स्पीकर

साहब, सन् 1970–71 में सरकार ने 8 करोड़ 80 लाख रूपऐ सूद दिया। 1971–72 में कर्जे का 9 करोड़ 74 लाख रूपए दिया। 1972–73 में कर्जे का 11 करोड़ 41 लाख रूपए सूद दिया। 1973–74 में कर्जे का सवा तेरह करोड़ रूपए दिया सूद दिया। तो मैं बताना चाहता हूं कि 8 करोड़ से शुरू होकर 13 करोड़ तक चार साल में इस सरकार ने सूद दिया है। इस तरह से हरियाणा प्रान्त का कैसे भला हो सकता है? क्या कोई इस बात को मानेगा? हरियाणा में जब हम पूछते हैं– स्कूल होंगे, नहीं, कोई डिस्पैंसरी होगी – नहीं, टूटी हुई सड़कें हैं, इनको ठीक बनवाएंगे – नहीं। क्यों नहीं बनवाते? कहते हैं पैसा नहीं है। हमेशा यही कहते हैं नान अवेलेबिलिटी आफ फण्डज। एक अंग्रेजी का लफ्ज आ गया 'अवेलेबल'। कब फण्डज अवेलेबल होंगें? मैं यह कहता हूं कि अगर यही सरकार रही तो फंडज अवेलेबल होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। हमारे ये दोस्त तो दिवाला निकाले बैठे हैं। फण्डज तब अवेलेबल हो सकते हैं, जबकि आपके दिल के अन्दर हरियाणा प्रान्त की भलाई का कोई जजबा हो। फण्डज की बात करना चाहता हूं कि नान–अवेलेबिलिटी आफ फण्डज का खत्म हो सकती है? क्या जरूरत थी 10 जिलों की? क्या जरूरत थी दो कमिश्नरों की? क्या जरूरत थी 5 डी.आई.जी. बनाने की? फोर्स की फोर्स सारी पुलिस के अन्दर धकेल दी, क्या बात है, यही हालत प्रान्त के अन्दर सर्विस की है। हरियाणा प्रान्त की माली हालत जब तक ठीक नहीं होगी, तब तक कोई काम बनने वाला नहीं है। नान–प्लान और अन–प्रोडक्टिव स्कीमों पर खर्च होने की

बदौलत इतना खर्चा है और इसी वजह से इतना सूद देना पड़ा है।

स्पीकर साहब, कानून की व्यवसाि बहुत ही जरूरी है। अगर स्टेअ में कानून नहीं है, तो कोई बात नहीं है। हमने पिछली बार भी कहा। यहां पर बड़े–बड़े कांड होते हैं, चोरियां होती हैं ओर डकैतियां होती हैं। मैंने पिछले सैशन के अन्दर स्पैसिफिक केस व नाम दिया था। मैं आज भी वह बात कहना चाहता हूं। मैं होम मिनिस्टर से और मुख्यमंत्री साहब से कहता हूं कि दम है तो मेरै साथ चलो, मैं बताता हूं कि चोरी का सामान कहां है? मैं वह बरामद कराता हूं कि यह रहा, लेकिन कोई पूछने वाला नहीं है। मैजिस्ट्रेट के घर में चारी, एस.डी.एम. के घर में चोरी होती है, लेकिन कोई नहीं पूछता। मेरे साथी जोशी साहब कह रहे थे कि गुलाटी साहब के पैसे निकाल लिए। कहां गए थे? कहीं यू.पी. एकान्त भवन में। हरियाणा में नहीं, यू.पी. के एकान्त भवन में मीटिंग होती है, यू.पी. के भवन में। हरयिाणा में नहीं, यू.पी. के एकान्त भवन में मीटिंग होती है, यू.पी. के भवन में जाकर मीटिंग होती है। हरियाणा प्रान्त का दिवला निकालने के बाद, हरियाणा प्रान्त को तबाह करने के बाद आप बिहार में और यू.पी. में मीटिंग करते हैं। आज हरियाणा प्रान्त के हरिजनों की हालत क्या है? आज हरियाणा प्रान्त के बैकवर्ड क्लासिज की हालत क्या है? कोई भी देखकर बर्दाश्त नहीं कर सकता। आज हरियाणा के किसान की क्या हालत है? किसान को तबाह करने पर तुले हुए हैं। गुलाटी

साहब के पैसे काढ़ लिए और पुलिस इतनी बढ़िया कि रूपए वसूल कर लिए। मैं कहता हूं कि जींद जिले के एक मोहलखेड़ा में जो चोरी हुई थी, उस चोरी का सामान मैं कल ही पकड़वाता हूं। सरकार में दल है तो मेरे साथ चलो। अगर मैं न बरामद करवाऊं, तो मुझे लानत कहना। आज हरियाणा प्रान्त की यह हालत हे कि साजिश से कत्ल होते हैं, साजिश से चोरियां होती हैं, और साजिश से सारे काम होते हैं। गरीब की कोई सुनवाई नहीं है। उसको कोई सुनने वाला नहीं है। रिश्वत का बाजार गर्म है। आज हरियाणा प्रान्त की बद से बदतर हालत है। इस हालत के अन्दर भी आज अगर कोई यह कहे कि हरियाणा प्रान्त बड़ा तरक्कीयाफ्ता मुल्क है, हरियाणा प्रान्त ने बड़ी भारी तरक्की की है, तो भगवान ही बेली है।

स्पीकर साहब, मैं एक बात की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। प्रजातन्त्र के अन्दर सरकार की कभी विक्टेमाइजेशन नहीं करना चाहिए। यह ठीक ळै कि हम माइनौरिटी में हैं। हम मानते हैं। यह तो ऐडमिटिड फैक्ट है और सरकार जो चाहे, पास करा सकती है। यह बात ठीक है। अगर सरकार इस बात पर सोचे कि हमारे हाथ में डण्डा है, हमारे हाथ में ताकत है, हम सब कुछ कर सकते हैं, तो यह कोई अच्छी बात नहीं है। प्रजातन्त्र के अन्दर सबसे जरूरी बात है प्रैस और प्लेटफार्म। यहां पर क्या है? प्रैस पाबन्दी, प्लेटफार्म पर पाबन्दी। पोल्हू को पकड़ लिया। किस लिए? वह नरवाना चला गया, थानेदार साहब से

मिलने के लिए। थानेदार था नहीं। बस–स्टैण्ड को चला आया। थानेदार साहब को पता लगा कि पोल्हू आया था। कहने लगे–कहां है? उन्होने कहा – अड्डे पर। जाकर पकड़ लाओं। प्राइम मिनिस्टर को 30 तारीख का दौरा था और वह कुछ करना नहीं चाहता था। हमने कहा था कि हम 5 तारीख को रोहकत के अन्दर कान्फ्रैस करेंगे। आप यह बात सुनकर हैरान होंगे कि हरियाणा की तमाम बसिज को ठहराया गया। उनमें कोई सवारी नहीं ली गई। इससे हरियाणा सरकार का बड़ा भारी नुक्सान हुआ है और यह बहुत घातक बात प्रजातन्त्र के खिलाफ हुई है। वहां पर हाजरी कितनी थी? मैं तो नहीं कहता, अखबार लिखता है। मैं तो कहता हूं कि दो–तीन लाख थी। चलो, हमारी बात न मानो, अखबार की बात तो मान लो कि एक लाख थी। यह ठीक बात थीं, गलत बात नहीं। मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रजातन्त्र के अन्दर प्रैस और प्लेटफार्म को छूट होनी चाहिए। यह ठीक है कि इख्तलाफात होते हैं, लेकिन आपकी मनमर्जी चलती है। आप 5000 ट्रक ले गए और जबरदस्ती ले गए। इनको यह अहसास नहीं कि 5 हजार ट्रकों के अन्दर कितना डीजल खर्च हुआ है? 6–7 लाख रूपए का डीजल खर्च हुआ होगा। आज किसान रोता है। उसके टयूबवैल पर ईजन है और उस ईजन को चलाने के लिए डीजल नहीं और हरियाणा की सरकार जबरदस्ती पकड़ कर डिमांस्ट्रेशन करवाती है। इनको किसान की कोई परवाह नहीं, उत्पादन की कोई परवाह नहीं और देश की कोई परवाह नहीं। इन्होंने तो इंदिरा गांधी का जलसा कामयाब कराना है, बस यह परवाह है।

हम यह नहीं चाहते कि आप ऐसा न करें, लेकिन जिस तरीके से आप करना चाहते हैं, वह तरीका गलत है, वह ढंग गलत है। लोगों को जबरदस्ती पकड़ कर लाओ, तो इसका असर क्या होता है? इसका उल्टा असर पड़ता है, क्योंकि जिस चीज को आप कुचलोगे जिस चीज को आप दबाओंगे, जिस चीज पर ज्यादती करोंगे, लोग उसके लिए रिवोल्ट करेंगे। अगर आप काम करेंगे तो लोग जरूर कहेंगे कि गलत बात थी। उकलाना के पास रास्ते में ट्रक का ऐक्सीडेंट हुआ और 5 आदमी मर गए, लेकिन ये मानते ही नहीं है। –(व्यवधान)– यह अजीब तमाशा है कि अगर कोई बोलता है, तो लाठी चलवाते हैं –(व्यवधान)–

श्री बनारसी दास गुप्त: उस रोज तो आप कह रहे थे कि 4 आदमी लाठी चार्ज से मर गए लेकिन आज आप कह रहे हैं कि ट्रक उलटने से 5 आदमी मर गए। इसमें से कौन सी बात ठीक मानें? –(व्यवधान)–

चौ. दल सिंह: स्पीहर साहब, मैं यह कहना चाहत हूं कि जो कुछ मैंने कहा है, वह रिकार्ड पर है। उसे निकलवा कर देख लें। अगर मैंने लाठी चार्ज से कहा हो, तो मैं सजा भुगतने के लिए तैयार हूं। अखबार में कोई बात आ जाए, तो वह मेरी जिम्मेवारी नहीं है। एक कलकत्ता के अखबार ने तुम्हारी तारीफ कर दी। ठीक है, तुमने करवा ली होगी। अखबार में तो कल परसों आपके जैन साहब ने यों फरमाया है कि सोमवार को असैम्बली नहीं। अखवार वालों ने छाप दिया कि सोमवार को

असैम्बली नहीं, तो क्या अखबार वालों का कसूर है? किसी ने अखबार वालों को कह दिया होगा। लेकिन आप यहां का रिकार्ड निकलवा कर देख लें। स्पीच भी मौजूद है और टेप–रिकार्ड भी है। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि उस जलसे के लिए कितनी पाबन्दी और अपने जलसे के लिए कितनी छूट। इससे सरकारी पक्ष को भी नुक्सान होता है, क्योंकि लोग यह समझते हैं कि सरकार धक्केशाही करती है। करनाल के अन्दर इन्होंने डण्डे बरसवाए। जब शिकायत लेकर दिल्ली गए तो प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के खिलाफ बगावत करते हो और हमारे से ही रियायत चाहते हो? मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि अगर वह किसान के साथ ज्यादती करती है, हरिजन के साथ ज्यादती करती है या अपने कर्मचारियों के साथ ज्यादती करती है, तो वह दिन दूर नहीं, तुम देख लेना भई, जब इलैक्शन होगा तो लोग आपको यूं कहेंगे कि तुम हमें जबरदस्ती रोहतक ले जाते थे, तुमने हमारे ऊपर जबरदस्ती लाठी मरवाई थी, तुमने जबरदस्ती हमारी नसबन्दी करी थी, तुमने हमारे ऊपर झूठा केस बनवाया था, इसलिए कोई वोट नहीं, तुम्हारी छुट्टी। यह कहेंगे सारे के सारे। आज गुस्ताखी माफ हो। आप कोई गलत कदम न उठाएं। कहीं ऐसा न हो कि आपको पछताना पड़ जाए और हमें बड़ी परेशानी उठानी पड़ जाए। –(व्यवधान)– स्पीकर साहब, एक और बड़ी अहम बात है।

एक भाई द्वारा यहां पर विद्या का जिक्र किया गया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि हरियाणा धर्म–प्रधान देश है।

हिन्दुस्तान के लोग धर्म में आस्था रखते हैं। हम यह मानते हैं कि वेद भगवान के रचे हुए ग्रन्थ हैं। हमारे वेद कहते हैं कि 'मातृमान पितृमान आचार्य मान पुरूशोवेद।' हमारे वेद क्या कहते हैं। हमारे वेद लोगों से यह कहते हैं कि माता, पिता, और गुरू की इज्जत करो और हरियाणा की सरकार के एक भाई जिन्होंने मोशन मूव किया था, उन्होंने यह बात कही कि टीचर का यह काम नहीं कि वह बच्चों को भड़काता रहे। कमाल है। ये गुरू को नहीं मानते? गुरू कौन होता है? मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तक गुह की इज्जत नहीं करेंगे, तब तक हरियाणा प्रान्त के अध्यापकों का आप खुश नहीं करेंगे, आप कितनी ही जोर लगाएं, हरियाणा प्रान्त तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने एजीटेशन किया। यहां समझौता हुआ। उसके बाद आज तक भी विकेटमाइजेशन हो रही है। सोहन लाल जैसे शरीफ आदमी के ऊपर रेप का केस बनाना सरकार के ऊपर लानत है। कोई आदमी खुश हो ले, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि

18.00 बजे

पब्लिक खुश नहीं है। पब्लिक की आवाज है कि गलत बात नहीं होनी चाहिए –(विघ्न)– कुरूक्षेत्र के अन्दर एक महीने से तमाशा बना रखा है। पांच लड़कों को एक्सपैल कर दिया। 190 लड़कों को ब्लैक लिस्ट कर दिया। खुदाई हाथ में ले रखी है। मैं कहना चाहता हूं कि जुल्म करने वाला औरंगजेब यहां नहीं रहा, जुल्म करने वाला कोई बदमाश यहां नहीं रहा। मैं तो यह कहता हूं कि

अगर हरियाणा सरकार भी जुल्म करेगी, तो यह भी नहीं रहेगी। अगर हरियाणा की तरक्की करना चाहते हैं तो वह बच्चों की तरक्की से होगी और बच्चों की तरक्की तब होगी, जब अध्यापक खुश होंगे, जब उनकी इज्जत होगी। अगर आप उन पर झूठे मुकदमें बनाएंगे तो हरियाणा की तरक्की नहीं हो सकती। आज उनका विकटिमाइजेशन किया जा रहा है। एक मिनट में उसका ट्रांसफर होता है। आज वह यहां है, तो कल शाम दूसरी जगह उसका ट्रांसफर और परसों शाम किसी और जगह पर उसको भेज दिया जाता है। मैं पूछना चाहता हूं कि उससे क्या खतरा है। क्या वह बम बनाता है, क्या वह बन्दूक बनाता है? मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि हरियाणा की उन्नति के लिए सबसे जरूरी है कि कुरूक्षेत्र में जो गलत काम किया है, उसको विदड्रा करो। जिस टीचर के खिलाफ कोई कार्यवाही की है, अगर शर्म है, तो माफी मांगो। अगर आप महात्मा गांधी के सिद्धान्त पर चलने वाले हो, तो पब्लिक में जाकर माफी मांगो। महात्मा गांधी अपनी गल्ती को तसलीम करते थे और विदड्रा करते थे –(विघ्न)–

स्पीकर साहब, अब मैं चन्द सुझाव देना चाहता हूं। बिजली बोर्ड और विद्यार्थियों के बारे में सुझाव दिए हैं। अगला सुझाव मेरा यह है कि आप किसानों के साथ ज्यादती न करें। हकीकत में जितना लैंड टैक्स बनता हो, वह उससे लें, ज्यादा वसूल न करें। प्रजातन्त्र की आप धज्जियां न उड़ाओ। आई.पी.एम. साहब, जींद के अन्दर वायदा करके आए कि झांज कलां, झांज

खुर्द, बड़ौदा दरियावाला, जाजवानखेड़ी, जाजवान और रूपगढ़ में पानी देंगे, बगैर पानी के वहां के लोग पड़पते हैं। उनका भी कुछ ख्याल करो। जो वायदा किया है, उसको पूरा करो। स्पीकर साहब, जयजयवन्ती में कांग्रेस वर्करज का कैम्प लगा। जो वहां आदमी इकट्ठे हुए वे सारे चोर, ठग और ब्लैक मार्किटर्ज थे जो वहां इक्ट्ठे हुए .....

कृशि मंत्री (चौ. भजन लाल): आन ए प्वायंट आफ आर्डर। स्पीकर साहब ये जो शब्द इस्तेमाल किए हैं यह बहुत ही गलत ओर अन–पार्लियामैंटरी हैं, उन्हें हाउस की कार्यवाही से निकाल दिया जाए।

चौ. दल सिंह: मैं गलती मानता हूं और जो लफ्ज इस्तेमाल किए हैं, मैं इनको वापिस लेता हूं।

Mr. Speaker: He has withdrawn the words .....

Ch. Dal Singh: Not only I have withdrawn those words but also begged his pardon. मैं कह रहा था कि आई.पी. सी. साहब उस कैम्प में गए और कहा कि जयजवन्ती, गढ़वाली, खेड़ाबख्ता, झमोला, करेला और गतौली इन गावों का पानी दिया जाएगा। मैं उनको यह वायदा याद दिलाना चाहता हूं कि आप इन गावों को पानी दीजिए। इनके एजेन्ट साजिश करते हैं और लोगों से कहते हैं कि मिनिस्टर को बुलाकर स्कूल बनवाएंगे या सड़क बनवाएंगे या अस्पताल बनाएंगे और लोगों से यह सौदा कर लेते हैं कि इतना पैसा मिनिस्टर साहब को देना पड़ेगा जिसमें से वे

अपने लिए रिजर्व कर लेते हैं। फिर मिनिस्टर साहब जाते हैं। उनके गले में हार पड़ते हैं तब यह काम का वायदा करते हैं। इस तरह से यह सत्यानाश कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि यह हरियाणा की पब्लिक का पैसा है। आपको लोगों ने यहां बनाकर भेजा है। आप उनके साथ इन्साफ करें, लोगों के दुखों को दूर करें। इस प्रकार के कामों से सरकार बदनाम होती है। आपका फर्ज है कि आप काम करें, आप मिनिस्टर हैं, आपको जनता की सेवा करनी चाहिए। इतना ही कहकर मैं समाप्त करता हूं और अगर कोई गलत बात कह दी हो, तो उसके लिए माफी चाहता हूं और इस प्रस्ताव का डटकर विरोध करता हूं।

चौ. शिव राम वर्मा (निलोखेड़ी): अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर चच्रा चल रही है और इसके लिए जो धन्यवाद प्रस्ताव आया है, मैं समझता हूं कि धन्यवाद किस बात का करने के लिए प्रस्ताव आया है। किस बात का धन्यवाद? एक बात हो सकती है कि हमारे राज्यपाल * * * * होते हुए भी यहां तकलीफ उठाकर आए और उन्होंने भाशण दिया जैसा कि वह एक साल में करते हैं इसके लिए तो ठीक है लेकिन इस भाशण में तो धन्यवाद की कोई बात नहीं लगती।

श्री अध्यक्ष: गवर्नर के मुताल्लिक यह रैफ्रेंस करना ठीक नहीं है * * * * के शब्द इस्तेमाल नहीं करने चाहिए। It should be deleted.

चौ. शिव राम वर्मा: इस अभिभाशण में उन्होंने सबसे पहले जो चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश अभूतपूर्व क्रमिक वर्धमान मुद्रास्फीति की कठिन आर्थिक परिस्थिति से गुजर रहा है, जिसके कारण आयोजना तथा द्रुत विकास समस्त राश्ट्रीय प्रयास में गतिरोध पैहा हो गया है। मैं कहता हूं कि मुद्रास्फीति किस की देन है, यह किसकी नीतियों का दोश है। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार ने वह गलत नीतियां अपनाई जिससे देश के अन्दर मुद्रास्फीति बढ़ी, ब्लैक का रूपया बढ़ा, गल्त तरीके से लोगों ने रूपया कमाया और फिर वे गलत ढंग से खर्च किया और पैसे का इतना चलन बढ़ा कि देश के अन्दर सारी जरूरत

*अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

की चीजें मंहगी होती चली गई जोकि गरीब के बस के बाहर हो गई। सरकार की नीति यदि ठीक होती तो मुद्रास्फीति पर काबू पाया जा सकात था, लेकिन सरकार नहीं चाहती थी। सरकार तो खुश है कि जो गरीब हैं, वे कंगाल होते चले जाएं और जो मध्य वर्ग के लोग हैं, मिडिल क्लास के लोग हैं उनको भी सरकार चाहती है कि ऐसी नीति बने कि उनमें से सौ में से पांच–सात आदमी तो लखपति, करोड़पति बने और 90–95 जो हों, वे गरीब बन जाएं, क्योंकि इस सरकार ने एक तरीका अपनाया है, जिसको यह गलत ढंग की कमाई करवाती है, उससे करोड़ों रूपया चन्दे के रूप में वसूल करती है ओर फिर उसको गरीबों के अन्दर किसी

ढंग से खर्च करके उनकी वोट को लेने का प्रयत्न किया जाता है। इसलिए सरकार ने जो नीति अपनाई है उसमें देश प्यार की कोई बात नहीं है, अपने प्रान्त के सुधारने की बात नहीं है। केवल एक चीज सातेन है कि कुर्सी बनी रहे। देश से और देश की जनता से कोई प्याल नहीं है, केवल अपनी कुर्सी से प्यार होने के कारण यह सारी नीतियां चल रही हैं। इसमें सुधार की बहुत आवश्यकता है। इसके लिए सरकार यदि अपनी नीतियां नहीं सुधारेगी तो फिर मैं समझता हूं कि यह अभिभाशण चाहे कितने ही लच्छेदार दे दिए जाएं और साथ ही साथ और प्रशंसा के पुल बांध दे तो भी कोई सुधार आने वाला नहीं है और इस भाशण में अपनी गलती भी मानी हे, अपनी कमियां भी मानी हैं और उनको तोड मरोड़ कर अपनी प्रशंसा करने की कोशिश की है। एक बात जो सबसे जरूरी है अपने प्रान्त के लिए इस देश की अन्न की पैदावार बढ़ाने की है, क्योंकि हमारे देश के अन्दर, यह एक कृशि प्रधान देश होते हुए भी, इसका किसान मेहनती होते हुए भी यहां हम अपनी जरूरत के लिए अन्न पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इसका कारण सरकार की नीतियां ही हो सकती हैं। क्यौंकि एक बार थोड़ा सा किसान की ओर ध्यान गया था, तो उस वक्त इस हरियाणा ने किसान की, पंजाब के किसान की, बल्कि सारे भारत के किसानों की मेहनत ने, इस देश को अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बना दिया था। फिर इस सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण कुछ ही दिनों के बाद इस बात ने पलआ खाया, फिर देश एक उलझन में फंस गया। इसका कारण यह था कि इस प्रान्त की

सरकार ने परमात्मा का धन्यवाद नहीं किया था, किसान को शाबाश नहीं दी थी, बल्कि उन्होंने अपने ही मुंह से अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी कि हमने वह ढंग अपनाया, यह ढंग अपनाया कि जिससे हमने अनाज की पैदावार बढ़ा दी और बजाए इन्द्र महाराज भगवान के गुण गाने के इन्द्रा जी ने भजन शुरू कर दिए, इस पर भगवान नाराज हो गए और उन्होंने बारिश बन्द कर दी और बारिश बन्द होने के कारण इनके बिजली और पानी के सारे प्रयास खत्म हो गए और उसका नतीजा सबके सामने आया। अगर बारिश होती है, तो ये उछलते कूदते हैं, खुशियां मनाते है और अपनी प्रशंसा आप ही करते हैं ओर अगर फिर बारिश नही होती, तो फिर दोश भी इनको अपने ऊपर ही लेना चाहिए, वह कसूर भी फिर अपना ही मानना चाहिए। यदि देश के अन्दर कोई आपत्ति आती है तो फिर उस देश के राजा का ही दोश माना जाता है। यह शास्त्रों में लिख हुआ है, पढ़ लीजिए।

एक आवाज: पहले तो आकी सरकार भी थी।

चौ. शिव राम वर्मा: यदि सरकार का कुछ दोश होता तो परिणाम सामने आने चाहिए थे। स्पीकर साहब, इस साल पिछले साल से जयदा अनाज इस देश के अन्दर बाहर से मंगवाना पड़ा है और सरकार मंगवा भी रही है। इसका सबसे मोटा कारण जो अभी मैंने बताया है, वह है सिंचाई साधनों का न बढ़ना और दूसरा कारण यह है कि किसान को खेती की उपज का उचित मूल्य न देना है। 1968 में 76 रूपए क्विंटल गेहूं का और 51 से

53 धान का मूल्य सरकार ने तय किया था। 1968 से 73 तक 6 साला लगातार एक ही भाव रखे गए, क्योंकि तीन साल के बाद 1970 में या 1971 में अनाज की पैदावार बढ़ी और उस वक्त सरकार ने यह सोचा कि अब किसान को ठीक मूल्य न भी मिले, तो भी पैदावार तो फिर भी नहीं घटेगी ओर सरकार ने यह समझा कि अब तो सारा मामला इसी तरह से चलता रहेगा लेकिन सरकार ने यह नहीं सोचा कि किसान को जिन–जिन चीजों की आवश्यकता है, खाद की, घर की आवश्यकता की चीजों की, उनकी कीमत तो हर साल बढ़ती जा रही है, इन चीजों को उस वक्त सरकार भूल गई। लेकिन इस सरकार में जो चापलूस थे, पिटठू थे, उन्होंने कहना शुरू कर दिया कि किसान को अब अधिक अनाज पैदा करने की आदम पड़ गई है, अब यह पैदावार कम नहीं होगी लेकिन इस बात को वे भूल गए कि जब किसान के अन्दर ताकत ही नहीं रहेगी, तो यह पैदावार कैसे बढ़ेगी? यदि किसान का मन संतुश्ट न हुआ तो उसकी अगली फसल की पैदावार के ऊपर जरूर असर पड़ेगा और फिर देश के सामने बड़ी गम्भीर स्थिति पैदा होगी। वही सरकार सियानी होती है जो स्थिति को देखते हुए अच्छे भाव किसान को दिलवाने का प्रयत्न करती है। 6 साल तक एक ही भाव रहे और किसान अनाज मण्डियों में आने से 4 दिन पहले अनाज का भाव दुगना था लेकिन जब किसान की फसल कट कर मण्डियों में आ गई, उस दिन भाव आधे आ गए तो ऐसी बातों से किसान का मन दुखता है, किसान को सन्तुश्टि नहीं होती है। इस साल खाद के भाव भी दुगने हुए,

बिजली के रेटस भी बढ़े, डीजल के भाव बढ़े, डीजल और बिजली की सप्लाई भी कम हुई और इस बात को सरकार बिल्कुल भूल गई। इस सिलसिले में मैं यह कहना चाहता हूं कि यदि यह सरकार सोचे कि जो पैदावार होती है उसके अन्दर मंहगी मेहनत खर्च होती है, मंहगी चीजें लगती हैं और इसके साथ–साथ किसान को अपने घर के लिए जो चीजे मिलती हैं, वह भी मंहगे भाव पर मिलती हैं, तो फिर किससान से हम क्या उम्मीद कर सकते हैं कि वह पैदावार को बढ़ाता रहेगा, फिर इसका परिणाम कया हुआ कि पैदावार घटी इसके घटने में कुछ हिस्सा बारिश का न होना भी हो सकात है। इसके साथ–साथ सरकार ने यह दावा यिका कि हम बारिश के भरोसे नहीं रहेंगे ओर इस सरकार के कुछ पिट्ठू और चापलूस यह कहते फिरते हैं कि अब तो उंगली लगाने से ही पानी आ जाता है, लेकिन जो बिजली की सप्लाई है, वह तो पहले से भी कम है। अध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों एक ढिढोरा पीटा गया कि हरियाणा के हर गावं के अन्दर बिजली पहुंचा दी गई है, खम्भे और तारें भी पहुंचा दी गई हैं, लट्टू भी शायद जग गए हैं लेकिन इसके साथ साथ हरियाणा एक गांव को आखिरी गांव का नाम देकर वहां प्रधानमंत्री महोदया से स्विच आन करवाया गया। उसी दिन से हरियाणा प्रान्त के अन्दर बिजली की समस्या बढ़ती चली गई और उस बिजली के न होने के कारण से यह सारी स्थिति आज हमारे समोन हैं। बिजली देने के लिए इस सरकार ने जो दावे किए थे, उसको यह सरकार भूल गई कि हमने उस दावों को पूरा भी करना है या नहीं। फरीदाबाद, पानीपत,

जगाधरी मे ताप बिजली घरों का काम अभी तक आरम्भ नहीं किया गया है, क्योंकि इन्होंने यह समझ लिया कि अनाज पैदा होने लग गया है और अब इनकी क्या जरूरत है? लेकिन सरकार की अकल को मैं क्या कहूं कि हम यहां के किसान को तो उसके अनाज का भाव कम देना चाहते हैं, लेकिन जो बाहर से खरीदकर लाते हैं, वह किस भाव पर लाते है। यहा के किसान से दुगने भाव पर बाहर से अनाज लाया गया और इस साल भी शायद दुगने भाव पर आ रहा है, लेकिन जब हमारी सरकार बहार के किसानों को उनके अनाज का दुगना भाव देने के लिए तैयार है, तो यहां के किसान को उनके अनाज का दुगना भाव क्यो नही दिया जाता? जब किसान यह कहता आ रहा है कि पिछले 6 साल से दूसरी चीजों के भाव बढ़ रहे हैं, तो सरकार ने उस वक्त कोई ध्यान नहीं दिया लेकिन जब सरकार ने किसान की आवाज न सुनी, तो फिर किसान ने आवाज उठाई कि दूसरी चीजों के भाव बढ़ने से रोको, हमारी रोजमरा की जरूरतों की चीजों के भाव रोको, खाद के भाव कम करो, जोकि हमारी रोज की आवश्यकता की चीज है ताकि फिर हम मंहगाई का सामना कर सके, तो उस वक्त सरकार ने किसानो को कोरा जवाब दे दिया। यहो पर कहा गया कि हम अनाज के भाव नही बढ़ंने देगे, पार्लियामैट में भी यह कहा गया कि हम बाहर के मुल्क के किसानो को ज्यादा दाम इसलिए देते है, कि उनका जीवन स्तर उंचा है और यहां कि किसानों को इसलिए कम देते है कि इनका जीवन स्तर नीचा है। यहां के किसान को अगर आप अधिक पैसा देंगे, तो वह पैदावार

बढ़ाएगा और पैदावार बढ़ने से इस देश की अपनी भलाई होगी। आज हम जो भिखारी बने फिरते हैं हम दूसरे देशों के सामने झोली फैलाए फिरते है कि दाने दो दाने दो उससे हम बच जाएंगे। यदि किसान को उचित दाम मिलेंगे तो उपज बढ़ेगी और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इसके साथ–साथ अगर किसान के घर पैसा आएगा तो उस पैसे का हिस्सेदार मजदूर भी होगा, और दुकानदार भी हेागा। अगर किसान की हालत सुधरेगी, तो उन लोगो की हालत भी सुधरेगी, और देश भी खुशहाल होगा। लेकिन इस सरकार ने अपनी किसानों से नहीं खरीदा। वहां पार्लियामैंट में जवाब दिया गया कि हम बाहर के किसान को ज्यादा पैसा इसलिए देते है कि उनका जीवनस्तर ऊंचा है और यहां के किसान को इसलिए पैसा कम देते है कि इसका जीवन स्तर नीचा है। यह सरकार यहां के किसान का जीवन स्तर नीचे ही रखना चाहती है।

कई आवाजें: यह आपने कहां से पढ़ा है?

चौ. शिव राम वर्मा: पिछले साल की पार्लियामैंट की प्रोसीडिंग्ज पढ़ी। आखें बन्द करने से कबूतर को बिल्ली नही छोड़ेगी। उसके लिए यत्न करना पड़ेगा। तो इस सरकार की बाहर के किसान को ज्यादा पैसा देकर अनाज लेने की नीति कहो की अक्लमंदी है और यहां के किसान को थोड़ा पैसा देना कहां की अक्कलमंदी है? तो आज भी बाहर से गेहूं मंगाने के लिए दो सौ रूपए से कम कीमत नहीं देनी पड़ेगी (–घंटी–)

श्री अध्यक्ष: प्लीज वाईड अप।

चौ. शिव राम वर्मा: स्पीकर साहब, अगर यह घंटी आप न बजाएं, तो बड़ी मेहर बानी होगी। अभी तो मैंने शुरू ही किया है।

श्री अध्यक्ष: अगर आप दोनों की तरफ से बोलना चाहते हैं बोल लो।

चौ. शिव राम वर्मा: मैं दूसरे के लिए कैसे कह सकता हूं? तो मैंने मोटे तौर पर यह बात कही थी कि किसान के लिए यदि यह सरकार सोचती तो देश की समस्या कभी की हल हो जाती। तो इसके बारे में भी सरकार को सोचना चाहिए यदि हमको देश का भला करना है तो हमें देश के अन्दर की पैदावार बढ़ानी पड़ेगी। इसके साथ–साथ मैं दूसरी बात कहना चाहूंगा कि खाने वाले को कभी सस्ती चीज नहीं मिली। सरकार किसान से गेंहू 76 रूपए क्विंटल ले और खाने वो को वही गेहू सवा सौ या डेढ़ सौ रूपए के भाव मिले। इस साल 105 रूपए क्विंटल सरकार ने लिया जिसके ऊपर सरकार को कोई खर्च नहीं हुआ और जो 105 से ऊपर खर्चा था, वह दूसरे व्यापारियों ने दिया।

समाज कल्याण तथा कराधान मंत्री (श्री श्याम चन्द): स्पीकर साहब, आन ए प्वायंट आफ आर्डर। इनको पता होना चाहिये कि 105 रूपये तो स्पोर्ट प्राइस थी कि अगर 105 से नीचे आएगी तो सरकार खरीदेगी।

चौ. शिव राम वर्मा: क्या यह प्वायंट आफ आर्डर है? ये मिनिस्टर साहब हैं इनको समझाइये। तो मैं निवेदन करना चाहूंगा कि सरकार 105 रूपये क्विंटल गेहूं किसान से लेकर 136 रूपये क्विंटल राशन की दुकान पर देगी। तो यह 31 रूपये क्विंटल का मुनाफा है। कौन लगा 136 के भाव पर? पता लगेगा कि खाने वाला ही उसे लेगा, तो खाने वाले को कभी सस्ता नहीं मिला है। इसलिए इस सरकार को इस बारे में भी अपनी नीतियों में सुधार लाने की बड़ी भारी आवश्यकता है। बिजली के बारे में मैंने चर्चा की, पानी के बारे में भी की –(घंटी)– यह सरकार रोज कहती है कि हमने इतने टयूबवैलों को आर बढ़ाया है, इतने कुनैक्शन और दिए हैं। लेकिन टयूबवैल चलते कितने हैं और आबपाशी कितनी होती है, कितनी पैदावार बढ़ी है यह चीज देखने की है? इस सरकार का तो वह काम है कि जैसे किसी व्यक्ति को दरिया के किनारे से उठाकर उसको बीच में छोड़ दे तो वह बेचारा न इधर का रहता है, और न उधर का तो ऐसा करना उसके साथ अन्याय है अब नलकूपों को ले लीजिए पिछले 15–16 दिनों में सारे हरियाणा में एक दो दिन से बिजली आई है, तो बताओं नलकूप क्या करेंगे। यह तो परमात्मा की कृपा हो गई कि थोडी सी वर्शा हो गई वरना तो बुरा हाल था, इसलिए सरकार को इधर भी सोचना चाहिए। –(घंटी)–

श्री अध्यक्ष: प्लीज वांइड अप।

चौ. शिव राम वर्मा: अध्यक्ष महोदय, अभी कुछ भी नहीं बोला हूं।

श्री अध्यक्ष: आप 20 मिनट से ज्यादा ले चुके हैं।

चौ. शिव राम वर्मा: मैं तो शायद 6.10 से लगा था।

श्री अध्यक्ष: आपने 6.05 से बोलना शुरू किया था।

चौ. शिव राम वर्मा: अध्यक्ष महोदय, मेरे से पहले बोलने वाले तो करीब एक एक घंटा बोल चुके है। तो मैं आगे कहना चाहता हूं कि सिंचाई साधनों पर नई–नई योजनाओं पर धन खर्च किया गया, लेकिन फिर भी सिंचाई अैर पैदावार बढ़ी नहीं। अगर मैं यह कहूं कि विकास के नाम पर यह लूट चल रही है तो गलत नहीं होगा। इसमें सुधान लाने की आवश्यकता है, मुझे आशा है कि सरकार इस ओर ध्यान देगी। इसके साथ–साथ मैं कहना चाहूंगा कि किसान के जो भाव की बात है, वह कारखाने का और किसान के कच्चे माल के साथ पक्के माल का जो भाव है, उसमें तालमेल बैठाने की बात है, मैंने पहले क्वैश्चन आवर में भी कहा था स्वर्गीय श्री रफी अहमद किदवाई का फार्मूला था कि किसान के गन्ने का भाव चीनी के भाव के साथ मिलाकर तय करना चाहिए। ऐसा कब तक चलता रहेगा, यह सरकार कब तक इसको उचित समझती रहेगी? आज कपास के भाव घट रहे हैं, कपड़े के भाव बढ़ रहे हैं और दूसरी कोई भी चीज आप ले लीजिए ठीक भाव पर किसान को क्या मिलता है? जवाब होगा कुछ भी नही।

लेकिन जो दूसरे बीय में हैं, स्मगलर हैं, वे कितना इसमें कमाते हैं यह समझने की आवश्यकता है। इसके अन्दर पशुधन के सुधार के लिए भी एक बात आई। पशुधन का सुधार बहुत आवश्यक है, क्योंकि इसका ताल्लुक खेती के साथ जुड़ा हुआ है। परन्तु जितनी बातें होती हैं, उतने काम नहीं होते। इस हरियाणा से हर रोज हजारों पशु बीमारी और बेकारी के नाम पर बाहर जा रहे हैं। मैंने कई बार सुझाव भी दिया है कि यदि सरकार इन पशुओं को रोक कर गऊ शालाएं खोले, गो–सदन खोले और उनके अन्दर इन पशुओं का इलाज किया जाए, उनको अच्छी खुराक दी जाए, अच्छा बीज डालकर अच्छी नसल पैदा की जाए तो हरियाणा में पशुओं की नसल सुधर सकती है। लेकिन जब सोचा ही नहीं होगा तो नसल कैसे बढ़ेगी। तो पशु जो बाहर जा रहे हैं, उनको यहां रोककर रखा जाए। इसके अलावा जींद के अन्दर जो मिल्क प्लांट है .....

Mr. Speaker: The House stands adjourned till 9.30 a.m. tomorrow.

18.30 बजे

(The Sabha then adjourned* till 9.30 a.m. on Tuesday, the 7th January, 1975.)

APPENDIX

to

Haryana Vidhan Sabha Debates Vol. 1 No. 4

dated the 6th, January, 1975.

Operation of Haryana Roadways Buses

***1120. Sh. Behari Lal Balmiki**: Will the Minister Development be pleased to state –

(a) the daily average total number of kilometers operated the Haryana Roadways during the years 1972-73 and 1973-74 separately;

(b) the said daily average number of passengers carried by said Roadways during the years 1972-73 and 1973 separately; and

(c) the total income accrued to the Haryana Roadways during the years 1972-73 and 1973-74, separately?

विकास मंत्री (कर्नल महा सिंह):

(क)	1972—73	3.06 लाख किलोमीटर
	1973—74	3.59 लाख किलोमीटर

(ख)	1972–73	2.55 लाख किलोमीटर
	1973–74	3.33 लाख किलोमीटर
(ग)	1972–73	13.62 लाख किलोमीटर
	1973–74	16.45 लाख किलोमीटर